■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..


# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक -44

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 02 दिसंबर , 2024



धीरेन्द्र शास्त्री पर हुआ जानलेवा हमला

अजमेर दरगाह में शिव मंदिर का दावा करने वाली याचिका सुनवाई के लिए मंजूर 6

बंद मदरसे में मिला बच्चे का कंकाल, 4 साल पहले कोविड के बाद बंद हुआ था 7

## अरविन्द केजरीवाल का दावा, अमित शाह ने करवाया उन पर हमला, नरेश बाल्यान की हिरासत पर भी उठाए सवाल



नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल पर शनिवार रात मालवीय नगर में पद यात्रा के दौरान एक व्यक्ति ने तरल पदार्थ फेंका। इस घटना पर आम आदमी पार्टी ने राजनीति शुरू कर दी है। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने दावा किया है कि अमित शाह ने उनपर यह हमला कराया है क्योंकि उन्होंने दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया था।दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में पूर्व सीएम ने कहा, मैंने दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया तो अमित शाह ने कल मुझपर ही हमला करा दिया।% उन्होंने कहा कि मुझ पर तरल पदार्थ फेंका गया, यह हानिरहित था, लेकिन यह हानिकारक हो सकता था। पिछले 35 दिन में मुझ पर हुआ यह तीसरा हमला है।दिल्ली में गैंगस्टरों का कब्ज़ा, केजरीवाल जी ने सवाल उठाया तो उन्हीं पर हमला करवा दिया

व्यापारियों के पास फिरौती की कॉल आती है। उनकी दुकानों के बाहर गोलियां चल रही हैं

महिलाओं के साथ छेड़खानी, अपहरण, रेप और हत्याएं हो रही हैंकेजरीवाल ने 'आप' विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी की भी आलोचना की, जिन्होंने पहले गैंगस्टरों द्वारा जबरन वसूली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। केजरीवाल ने कहा, कल हमारे एक विधायक को गिरफ्तार किया गया। उसका (नरेश बाल्यान) कसूर यह था कि वह बदमाशों का शिकार हुए। उन्हें एक से दो साल पहले बदमाशों से फिरौती और धमकियों के लिए कॉल आए थे। उन्होंने इसकी कई शिकायतें दिल्ली पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया और कल उन्हें ही गिरफ्तार कर लिया ।पूर्व सीएम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर यह संदेश देने का भी आरोप लगाया कि अपराधियों के बजाय शिकायतकर्ताओं को ही गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, %नरेश बाल्यान को गिरफ्तार कर अमित शाह ने दो संदेश दिए। एक अगर कोई गैंगस्टर की शिकायत करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दूसरा गैंगस्टरों को भी संदेश दिया है कि अमित शाह उनकी सुरक्षा करेंगे, उन्हें कुछ नहीं होने देंगे।

केजरीवाल ने अमित शाह को चैलेंज करते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो दिल्ली के गैंगस्टरों और गुंडों को गिरफ्तार करके दिखाइये। महिलाओं के साथ बलात्कार करने वालों को गिरफ्तार करके दिखाइये। आखिर में उन्होंने गृह मंत्री से सवाल किया कि मुझपर हमला कराकर और मेरे विधायक को गिरफ्तार करके क्या दिल्ली के लोग सुरक्षित हो जायेंगे ? इसी के साथ उन्होंने दिल्ली के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए असली अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## अजमेर दरगाह महादेव शिव मंदिर है, जैसे किया दावा, विष्णु गुप्ता को जान से मारने के लिए आने लगे फोन

लखनऊ। अजमेर दरगाह विवाद मामले में वादी और हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी गई है. धमकी देने वाले अज्ञात शख्स के खिलाफ नई दिल्ली के बाराखंबा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है. हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने बताया कि मैंने अजमेर दरगाह मामले में केस फाइल किया है. मुझे अभी दो फोन आए हैं और उन्होंने जान से मारने की धमकी दी है. एक कॉल कनाडा से आया है. फोन करने वाले शख्स ने कहा कि अजमेर दरगाह का केस दायर कर बहुत बड़ी गलती की है और अब तेरा सिर काट दिया जाएगा.

विष्णु गुप्ता ने आगे कहा, मुझे दूसरा फोन देश के अंदर से ही आया है. फोन करने वाले ने इसी तरह की धमकी दी है. मैंने इसकी शिकायत नई दिल्ली के बाराखंबा थाने में दर्ज कराई है. मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं ऐसी धमकियों से डरने वाला नहीं हूं, हमें ये लोग डरा नहीं सकते और हम अपना कानूनी हक मांग रहे हैं, इसलिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.

मैंने किसी की भावना आहत नहीं की है और न ही ऐसा करना चाहते हैं. हमने तो सिर्फ अपना हक मांगा है, क्योंकि अजमेर दरगाह महादेव शिव का मंदिर है और हम कानूनी लड़ाई से उसको वापस लेंगे. इस मामले में अभी सभी पार्टियों को नोटिस दिया है और जल्द ही इसका सर्वे भी होगा.दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के निवासी हिंदू सेना के विष्णु गुप्ता ने अजमेर में स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह को हिंदू पूजा स्थल होने की दलील देते हुए निचली अदालत में याचिका दिया है. 27 नवंबर को निचली अदालत ने याचिका को मंजूर कर लिया. अदालत ने सभी पक्षकारों को नोटिस जारी करते हुए 20 दिसंबर 2024 को अगली सुनवाई की तारीख तय की है.

## दिल्ली में लगातार आठवें दिन 'बेहद खराब' श्रेणी में रही वायु गुणवत्ता

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में जहरीली हवा का प्रकोप जारी है और रविवार को लगातार आठवें दिन वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 329 रहा, जो शनिवार के 24 घंटे के औसत 346 से थोड़ा कम है।

हर घंटे आंकड़े प्रदान करने वाले 'समीर' ऐप के अनुसार, शहर के 38 निगरानी स्टेशन में से 23 स्टेशन में एक्यूआई '

बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बेहद खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है।इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा सुबह 8ः30 बजे आर्द्रता का स्तर 93 प्रतिशत दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

## नाराजगी की अटकलों पर एकनाथ शिंदे ने तोड़ी चुप्पी, कहा- बीजेपी के फैसले को पूरा समर्थन

मुंबई। नाराजगी की अटकलों के बीच महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि सरकार गठन को लेकर महायुति सहयोगियों के बीच कोई मतभेद नहीं है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि राज्य के नए मुख्यमंत्री के बारे में भारतीय जनता पार्टी जो भी फैसला करेगी, उसे उनका पूरा समर्थन होगा। बता दें, ऐसी अटकलें थीं कि शिंदे नयी सरकार के गठन से खुश नहीं हैं, लेकिन उनके एक सहयोगी ने बताया कि वह बीमार हैं और रविवार शाम को मुंबई लौटेंगे।

सतारा जिले में अपने पैतृक गांव दारे में पत्रकारों से बातचीत में शिंदे ने कहा कि सरकार गठन पर बातचीत चल रही है और सभी निर्णय महायुति के तीनों सहयोगियों शिवसेना, भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा आम सहमति से लिए जाएंगे। अपने पैतृक गांव के दौरे पर शिंदे ने कहा कि वह नियमित रूप से अपने गांव आते हैं और उनके दौरे को लेकर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने पिछले सप्ताह ही मुख्यमंत्री पद पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया था।

शिंदे ने कहा, %अभी मेरी तबीयत अच्छी है। मैं यहां पर आराम करने आया था। चुनाव में बहुत भाग दौड़ हो गई थी। मैंने एक में दिन 8-10 सभाएं की थी। मैंने 2-2.5 साल के कार्यकाल में कोई छुट्टी नहीं ली थी। सरकार जनता के आवाज वाली सरकार है। मेरा समर्थन सरकार के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जो कहेंगे उसे मेरा पूरा समर्थन है। हमारे तीनों दलों में समन्वय है।%

भाजपा, शिवसेना और अजित पवार की राकांपा के महायुति गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में भारी जीत के साथ सत्ता बरकरार रखी, जिसके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि नयी महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर की शाम दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल होंगे। अभी तक इस बात की घोषणा नहीं हुई है कि मुख्यमंत्री कौन होगा, लेकिन भाजपा सूत्रों ने बताया कि दो बार मुख्यमंत्री रह चुके देवेंद्र फडणवीस इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं।

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का ऐलान, संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को देंगे पांच-पांच लाख रुपये



लखनऊ। यूपी के संभल में हुई हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को समाजवादी पार्टी पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगी। सांसद रुचि वीरा ने बताया कि मृतकों के परिजन के साथ पार्टी की संवेदनाएं हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने परिजन की मदद करने की घोषणा की है। सहायता राशि परिजन को जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।

यही नहीं समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार मृतकों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद करे। आपको बताते चलें कि बीती 24 नवंबर को मस्जिद सर्वे के दौरान संभल में बवाल हो गया था। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। कई लोग घायल हुए थे। यहां तक कि डिप्टी एसपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए थे। इसके बाद से वहीं पर स्थिति तवनाव पूर्ण है। दूसरी तरफ मामले में राजनीति भी खूब हो रही है।

बताते चलें कि शनिवार की सुबह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के घर के बाहर पुलिस लगा दी गई। साथ ही विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के डालीबाग स्थित आवास के बाहर भी पुलिस तैनात कर दी गई। दरअसल सपा के डेलिगेशन को संभल जाना था। इससे पहले ही नेताओं के घरों के बाहर पुलिस बन तैनात कर दिया गया है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सपा का 15 सदस्यीय डेलिगेशन संभल जाने वाला था। सपा नेता संभल में पीड़ितों से मिलकर जानकारी जुटाने की बात कह रहे थे।

इसके बाद इसकी जानकारी सपा मुखिया के साथ साझा करना था। उनके निकलने से पहले ही पुलिस उनके घरों के बाहर तैनात मिली।

## पाकिस्तान से घुसपैठ रोकने के लिए बीएसएफ ने जम्मू में दो और बटालियन तैनात कीं



नयी दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान सीमा से घुसपैठ को बेहतर ढंग से रोकने और क्षेत्र में हाल में बढ़ी आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जम्मू क्षेत्र में 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नयी बटालियन तैनात की हैं।

बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि इन बटालियन के जवानों को पाकिस्तान से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की तैनाती वाले स्थान के ठीक पीछे "रक्षा की दूसरी पंक्ति" के रूप में तैनात किया गया है। बल की इन दो बटालियन को हाल में ओडिशा के नक्सल-रोधी अभियान क्षेत्र से हटा लिया गया था और अब इन्हें पूरी तरह से जम्मू क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है।

सूत्रों ने बताया कि यह कार्य सर्दियों के शुरू होने से पहले पूरा किया जाना था, जब पाकिस्तान से होने वाली घुसपैठ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सीमा को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सूत्रों ने बताया कि नयी इकाइयों के कर्मियों को सांबा क्षेत्र, जम्मू क्षेत्र के कुछ अन्य संवेदनशील इलाकों और जम्मू से लगती पंजाब सीमा पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की सुविधा से लैस अनेक तैनाती बिंदु बनाए गए हैं।बीएसएफ भारत के पश्चिमी भाग में जम्मू, पंजाब, राजस्थान और गुजरात से होकर गुजरने वाली 2,289 किलोमीटर से अधिक लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करता है। जम्मू क्षेत्र में इस सीमा का 485 किलोमीटर हिस्सा है, जो घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। जम्मू अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में लगभग एक दर्जन बीएसएफ बटालियन तैनात हैं।

## 2 से ज्यादा बच्चे होने चाहिए... मोहन भागवतन के बयान पर छिड़ी बहस, विपक्ष ने भाजपा को घेरा




नई दिल्ली।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्र्) के सरसंघचालक मोहन भागवत के एक बयान पर बवाल मच गया है। दरअसल, नागपुर में 'कठाले कुलसम्मेलन' में भागवत ने जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने तीन बच्चे पैदा करने पर जोर दिया। उनके इस बयान पर बहस छिड़ गयी है। कांग्रेस, समाजवाद पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी ने भागवत को निशाने पर लिया है।

नागपुर में 'कठाले कुलसम्मेलन' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, जनसंख्या में कमी चिंता का विषय है, क्योंकि जनसंख्या विज्ञान कहता है कि अगर जनसंख्या दर 2.1 से नीचे चली गई तो वह समाज नष्ट हो जाएगा, कोई उसे नष्ट नहीं करेगा, वह अपने आप नष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा, %हमारे देश की जनसंख्या नीति, जो 1998 या 2002 के आसपास तय की गई थी, कहती है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं होनी चाहिए।

ज्यादा बच्चे पैदा करने पर जोर देते हुए भागवत ने कहा, %हमें दो से अधिक अर्थात तीन (जनसंख्या वृद्धि दर) की आवश्यकता है, यही जनसंख्या विज्ञान कहता है। यह संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे (समाज को) कायम रहना चाहिए।

समाजवादी पार्टी (स्क्) के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, %मोहन भागवत पिछले कुछ समय से जब कुछ बोलते है तो वह बीजेपी को असहज कर देता है। पिछली बार उन्होंने कहा कि हर मस्जिद में मंदिर क्यों ढूंढना तब भी बीजेपी वाले जो केवल मंदिर मस्जिद की राजनीति करते हैं उनके पास कोई जवाब नहीं था। बीजेपी पूरे देश जनसंख्या को लेकर केवल राजनीति करने का काम कर रही है, सपा समझती है कि अब मोहन भागवत के बयान के बाद अब बीजेपी के पास जवाब नहीं होगा। सपा की विचारधारा भले आरएसएस से न मिलती हो लेकिन अगर कुछ उन्होंने सही कहा है तो सही को सही कहना गलत नहीं है।

कांग्रेस ने भागवत पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने तीन बच्चों वाले बयान को लेकर मोहन भागवत को घेरा। उन्होंने भागवत से सवाल पूछा कि जो पहले से हैं उनको तो नौकरियां दिलवा दो, नौकरियां है नहीं, फसल की ज़मीन कम हो रही हैं। मोहन भागवत चाहते हैं कि 2 से ज्यादा बच्चे हों। देश में वैसे ही बेरोजगारी है। जो आज युवा हैं उनको तो नौकरियां मिल नहीं पा रही, फसल की जमीने कम होती जा रही है जबकि जनसंख्या बढ़ती जा रही है।

सिंघार ने आगे कहा कि चीन ने जहां आबादी कम कही है, तो वो आज महाशक्तिशाली बना है। मोहन भागवत चीन से सीख नहीं ले पा रहे और वो जनसंख्या के मामले में देश को शक्तिशाली बनाना चाहते हैं। मेरा तो उनको सुझाव है कि मोहन भागवत हैं, पीएम मोदी हैं, यूपी के सीएम योगी हैं तो सबसे पहले ये शुरुआत करें अगर इन्हे जनसंख्या की इतनी चिंता है तो, इनसे शुरुआत होनी चाहिए।

## केरल में एचआईवी संक्रमितों की संख्या कम होने के बावजूद संक्रमण की आशंका अधिक: विजयन



तिरुवनंतपुरम । केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि दक्षिणी राज्य में एचआईवी प्रभावित व्यक्तियों का घनत्व कम है, लेकिन यहां संक्रमण की संभावना बहुत अधिक है। विजयन ने 'विश्व एड्स दिवस' ? ?के अवसर पर फेसबुक पर एक 'पोस्ट' में कहा कि रोग रोकथाम गतिविधियां और जागरूकता कार्यक्रमों का बहुत महत्व है और राज्य सरकार इस रोग को दूर रखने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन दुनिया भर में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के पुनर्वास में जन भागीदारी सुनिश्चित करने और बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए कदम उठाने की याद दिलाता है।उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुसार, ऐसी स्थिति बनाना आवश्यक है, जहां 2030 तक बीमारी के नये मामले न हों। उन्होंने कहा कि केरल इस लक्ष्य को बहुत पहले ही हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार इसके तहत "ओन्नायी पूजायथिलेक्क" (जिसका मोटे तौर पर अनुवाद एक साथ शून्य है) अभियान के माध्यम से व्यापक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, "हम 2025 तक 95ः95ः95 के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। इसका पहला भाग प्रभावित व्यक्तियों को उनकी स्थिति का एहसास कराना है।"उन्होंने कहा कि दूसरा लक्ष्य एचआईवी संक्रमित पाए गए लोगों में से 95 प्रतिशत के लिए 'एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी' (एआरटी) उपचार सुनिश्चित करना है और तीसरा लक्ष्य उनके बीच वायरस के प्रसार को नियंत्रित करना है। उन्होंने 2024 के आंकड़े का हवाला देते हुए कहा कि केरल पहले ही दूसरे और तीसरे लक्ष्य को हासिल कर चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य व्यापक परियोजना को बड़ी सफलता दिलाना है। मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि हालांकि केरल एक ऐसा राज्य है जहां एचआईवी प्रभावित व्यक्तियों का घनत्व कम है, फिर भी यहां संक्रमण की संभावना बहुत अधिक है। उन्होंने सभी से बीमारी के खिलाफ लड़ाई में मिलकर काम करने का आग्रह भी किया।

## संपादकीय

## यूपीआई भुगतान हो

बीते कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान लेनदेन में उल्लेखनीय इजाफा देखने को मिला है। बहरहाल, देश के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में इस असाधारण वृद्धि के साथ ही धोखाधड़ी के मामलों में भी इजाफा हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने हाल ही में संसद के सामने जो आंकड़े पेश किए वे दिखाते हैं कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से जुड़ी धोखाधड़ी की रकम 2023-24 में 1,087 करोड़ रुपये हो गई जो 2022-23 के 573 करोड़ रुपये से 85 फीसदी अधिक थी। भुगतान संबंधी धोखाधड़ी के मामले भी 2022-23 के 7.25 लाख से बढ़कर 2023-24 में 13.4 लाख तक पहुंच गए। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत में यूपीआई भुगतान धोखाधड़ी के 6.32 लाख मामले सामने आए। इनमें करीब 485 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी। ये आंकड़े चिंताजनक हैं और भविष्य में इसका इस्तेमाल करने वालों को प्रभावित कर सकते हैं। डिजिटल भुगतान लेनदेन का कुल आकार 2017-18 के 2,017 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 18,737 करोड़ हो गया। इस दौरान चक्रवृद्धि सालाना वृद्धि दर (सीएजीआर) 44 फीसदी रहा। इसी तरह समान अवधि में लेनदेन का मूल्य 11 फीसदी सीएजीआर के साथ 1,962 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3,635 लाख करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में लेनदेन का आकार करीब 86.59 अरब रहा जबकि कुल लेनदेन का मूल्य 1,669 लाख करोड़ रुपये का था। डिटिजल लेनदेन में यूपीआई सबसे बड़ा माध्यम था। कुल लेनदेन में यह करीब 80 फीसदी का हिस्सेदार रहा और कम भुगतान करने वाले लोगों का सबसे पसंदीदा माध्यम रहा। इस संदर्भ में भुगतान और लेनदेन को सुरक्षित करना सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। अतीत में कई पहल की गईं ताकि देश में डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को नियंत्रित किया जा सके। इसमें बहुकारक प्रमाणन व्यवस्था, रोजाना लेनदेन की सीमा और यूपीआई ऐप्लीकेशंस में इनक्रिप्शन तकनीक का इस्तेमाल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) भी यूपीआई की सुरक्षा मजबूत करने को लेकर सक्रिय रहा है और उसने बैंकों ? को धोखाधड़ी वाले लेनदेन को नकारने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से संचालित फ्रॉड मॉनिटरिंग प्रणाली की पेशकश की है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने भी 2019 में राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की शुरुआत की ताकि डिजिटल भुगतान संबंधी धोखाधड़ी उजागर की जा सके। बहरहाल, जैसे-जैसे तकनीक का विकास जारी है, साइबर अपराधी भी बेहतर से बेहतर सुरक्षा उपायों को बेधने में सक्षम होते जा रहे हैं। मैलवेयर और स्पाईवेयर के जरिये फिशिंग अटैक अब बहुत अधिक आम हो चुके हैं। जैसे-जैसे यूपीआई की पहुंच बढ़ रही है और वह विदेशों में भी सफलतापूर्वक काम कर रहा है तो यह महत्त्वपूर्ण है कि उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाई जाए और लोगों को धोखाधड़ी से बचाया जाए।

# रेवड़ियों की मिठास के पीछे छिपी कड़वाहट समझें

चांद-सितारों को छू रहे हैं हमारे हाथ। पर जितना कुछ किया है, उससे कई गुना अधिक किया जाना बाकी है। अपनी उपलब्धियों पर गर्व कर सकते हैं हम, पर हमें यह नहीं भूलना है कि जितना रास्ता हमने पार किया है, उससे कई गुना लंबा रास्ता अभी पार करना बाकी है। विकसित भारत के सपने देख रहे हैं हम, पर हम यह याद रखना नहीं चाहते कि सबका साथ और सबका विकास की चुनौती तभी स्वीकार की जा सकती है जब हमारी कोशिशों में बुनियादी ईमानदारी हो। विकास की सही और सच्ची परिभाषा हमारे सामने हो। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कभी कहा था कि उनका दायित्व देश के हर नागरिक को एक समस्या मानकर उसका समाधान करना है। यह तब की बात है जब देश आज़ाद हुआ था। लगभग 40 करोड़ की आबादी थी तब देश की।





किसको किसने कितनी रेवड़ियां बांटी, यह सवाल भले ही किसी लंबी-चौड़ी गणना की अपेक्षा करता हो, पर यह बात सब मान रहे हैं कि हाल के चुनावों में खूब रेवड़ियां बंटी। नहीं, चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाता को चुपचाप बांटे जाने वाले रुपयों की बात नहीं है, बल्कि उन रेवड़ियों की बात हो रही है जिन्हें बांटने वाले लंबी-चौड़ी घोषणाओं के साथ बांटते हैं। चुनाव-परिणाम का विश्लेषण करने वाले जिस एक बात पर सहमत दिखाई देते हैं, वह यह है कि इन रेवड़ियों ने परिणामों पर निर्णायक प्रभाव डाला है। ऐसी ही एक रेवड़ी को महाराष्ट्र में 'लाड़की बहीण' के नाम से जोड़ा गया है और झारखंड में इसे 'मंइयां सम्मान योजना' नाम दिया गया है।भाजपा का दावा है कि सबसे पहले मध्य प्रदेश में 'लाड़ले मामा' ने अपनी 'लाड़ली बहनों' को प्रतिमाह नकद राशि देने की घोषणा की थी, और इसे चुनाव-परिणामों पर निर्णायक प्रभाव डालने वाला कदम बताया गया था। अब महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुती' ने ऐसा ही किया और यह दावा किया जा रहा है कि महाराष्ट्र की जीत में इसका सर्वाधिक महत्वपूर्ण हाथ रहा है। वैसे महाराष्ट्र की 'महाअगाड़ी' ने भी भाजपा के 1500 रुपये प्रति माह के योगदान को बढ़ाकर 3000 करने का वादा किया था, पर मतदाता ने बैंक खाते में जमा हो चुके रुपयों का भरोसा करना बेहतर समझा। कहा तो यह भी जा रहा है कि महाराष्ट्र के चुनावों को दो माह इसलिए टाला गया था कि महिलाओं के बैंक खातों में 'रेवड़ियां' पहुंच जाएं तो बेहतर परिणाम आएगा।बहरहाल, कारण और भी हो सकते हैं, पर इससे परिणाम पर 'रेवड़ियों' के असर का महत्व कम नहीं हो जाता। यह रेवड़ियां बांटना कोई नयी बात नहीं है। शायद इसकी शुरुआत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य की लड़कियों को साइकिलें बांटने से हुई थी। फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तो बिजली, पानी, आदि मुफ्त बांटकर जैसे एक नयी परंपरा ही शुरू कर दी थी रेवड़ियां बांटने की! बिहार, उड़ीसा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब जैसे राज्यों में तो यह काम प्रतिस्पर्धा की तरह हुआ।ऐसा नहीं है कि इस 'मुफ्तखोरी' की आलोचना नहीं हुई। मतदाता को आर्थिक सहायता देने की इस प्रथा की आलोचना स्वयं प्रधानमंत्री मोदी कर चुके हैं। शायद इस तरह मतदाता को रिझाने की कोशिश को रेवड़ियां बांटने की संज्ञा भी उन्होंने ही दी थी। यह बात दूसरी है कि अब वे स्वयं मतदाता को इस तरह रिझाने के पक्षधर बन गये लगते हैं।यूं तो चुनाव घोषणापत्रों में जो वादे किये जाते हैं, उन्हें भी मतदाता को दी जाने वाली रिश्वत कहा जा सकता है, पर इस तरह नकद राशि बांटने को किसी और तरह से नहीं समझाया जा सकता। रेवड़ियां बांटने वाले इस रिश्वत को कल्याणकारी राज्य के अनुरूप आचरण बताते हैं। हम भले ही आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक व्यवस्था बनने का दावा करते हों, पर इस हकीकत से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि आज हमारे देश की अस्सी प्रतिशत आबादी को सरकार की ओर से मुफ्त अनाज देकर उसका पेट भरा जा रहा है। सरकार भले ही इसे कुछ भी कह ले, पर यह तथ्य यही बताता है कि गरीबी हटाओ के सारे दावों और वादों के बावजूद आज भी स्वतंत्र भारत का नागरिक अपने श्रम से अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने लायक नहीं बन पाया है। आज़ादी के शुरुआती सालों में तो यह बात फिर भी समझ आती थी कि नया देश नई चुनौतियों का मुकाबला कर रहा था, हालात सुधारने में वक्त लगना था। पर आज़ाद होने के सत्तर-अस्सी साल बाद भी यदि देश की जनता रेवड़ियों से रिझाई जा सकती है तो इसका सीधा-सा मतलब यही है कि हमारी नीतियों-रीतियों में कहीं कुछ गंभीर गड़बड़ है। हमारी त्रासदी यह भी है कि गड़बड़ी का पता लगाने और उसे ठीक करने की ईमानदार कोशिश करने के बजाय हम रेवड़ियां बांटकर काम चलाना चाहते हैं।ऐसा नहीं है कि आज़ादी के इन सत्तर-अस्सी सालों में हमने कुछ किया नहीं है। बहुत कुछ अर्जित किया है हमने। चांद-सितारों को छू रहे हैं हमारे हाथ। पर जितना कुछ किया है, उससे कई गुना अधिक किया जाना बाकी है। अपनी उपलब्धियों पर गर्व कर सकते हैं हम, पर हमें यह नहीं भूलना है कि जितना रास्ता हमने पार किया है, उससे कई गुना लंबा रास्ता अभी पार करना बाकी है। विकसित भारत के सपने देख रहे हैं हम, पर हम यह याद रखना नहीं चाहते कि सबका साथ और सबका विकास की चुनौती तभी स्वीकार की जा सकती है जब हमारी कोशिशों में बुनियादी ईमानदारी हो। विकास की सही और सच्ची परिभाषा हमारे सामने हो। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कभी कहा था कि उनका दायित्व देश के हर नागरिक को एक समस्या मानकर उसका समाधान करना है। यह तब की बात है जब देश आज़ाद हुआ था। लगभग 40 करोड़ की आबादी थी तब देश की। आज हम 140 करोड़ हैं। आवश्यकता हर भारतीय के जीवन को विकसित जीवन शैली के अनुरूप बनाना है। और नागरिक की बुनियादी ज़रूरतें पूरी हों। हर नागरिक को विकास का समान अवसर मिले। वह जो सपने देखे उन्हें पूरा करने की उमंग भी हो उसमें। इसका सीधा-सा अर्थ यह है कि हमारे देश का हर नागरिक अपने भारतीय होने पर गर्व करे, उसका विवेक जाग्रत हो, वह गर्व से सिर ऊंचा करके चल सके।

मुफ्त अनाज देकर या लाड़ली बहनों के खातों में हर महीने पंद्रह सौ, दो हज़ार जमा कर के उसे सर ऊंचा करके चलने के लायक नहीं बनाया जा सकता। ऐसे प्रयास सिर्फ भरमाते भर हैं। सक्षम नहीं बनाते। आवश्यकता हर नागरिक को सक्षम बनाने की है। हमारे संविधान ने हमें समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता का अधिकार दिया है तो इसके साथ कुछ कर्तव्य भी जोड़े हैं, जिन्हें निभाना ही एक स्वतंत्र देश का योग्य नागरिक बनने की सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। यदि हमें बोलने की आज़ादी मिली है तो उचित बोलने की शर्त भी उसके साथ जुड़ी है; यदि हमें समानता का अधिकार मिला है तो उसके साथ यह कर्तव्य भी जुड़ा है कि हम देश के हर नागरिक को अपने समान समझें; यदि हमें न्याय पाने का अधिकार है तो न्याय का तकाज़ा है कि हम दूसरों के न्याय पाने के अधिकार की भी रक्षा करें। यह सब तभी संभव है जब हम स्वयं में यह क्षमता पैदा कर लेंगे कि रेवड़ियों से हमें भरमाने की कोशिश करने वालों के इरादों को समझ सकें।जनतंत्र की सफलता और सार्थकता का प्रमाण यही है कि हर नागरिक अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति सावधान हो।

# जीना है तो हंस के जियो एक पल भी परेशान होना ना

गोंदिया। वैश्विक स्तरपर भारत की अनेकों बाणीयाँ,कथन सुविचार सारी दुनियाँ में यानें जग प्रसिद्ध हैं, उनमें एक नानक दुखिया सब संसार बाणी है,हर किसी को कोई ना कोई दुख ज़रूर है,उसके बाद ही फिर सुखों की शुरुआत होती है इसीलिए हर स्थिति हर वेले में प्रसन्नता खुशी संतुष्टि उम्मीद में संभावना जरूर रखनी चाहिए कि दुख आया है तो सुख भी आएगा, हारे हैं तो जीतेंगे भी हर वेले ईश्वर अल्लाह को का शुक्राना अदाकार मौज में मस्त रहे व जनता की सेवा करते रहें, आज इस विषय पर हम इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि 23 नवंबर 2024 को आए महाराष्ट्र झारखंड व अन्य उपचुनावों में सैकड़ो व्यक्ति ही जीते हैं परंतु हजारों व्यक्ति हारें हैं। मैंने रिसर्च कर आंकड़े निकालें,महाराष्ट्र में 288 सीटों के लिए 4136 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़े व जिसमें प्रत्याशी हारे। झारखंड में प्रथम द्वितीय चरण मिलकर 81 सीटों के लिए 1377 प्रत्याशी हारे हैं व अनेक राज्यों के उपचुनाव में भी मात्र कुछ सीटों पर सैकड़ो व्यक्ति हारें हैं।23 नवंबर 2024 को आए नतीजे में करीब 390 सीटों पर ही चुनाव जीते तो करीब करीब 6 हज़ार से अधिक प्रत्याशी चुनाव हार गए परंतु हौसला धीरज संतुष्टि रख, हंस के व प्रसन्नता में रहकर अगले चुनाव में जीत के लिए लक्ष्य बनाकर जनता की सेवा में फिर जुट जाना चाहिए। मैं 26 नवंबर 2024 को सुबह 1989 में रिलीज हुई थानेदार हिंदी फीचर फिल्म का गीत जीना है तो, हंस के जियो, जीवन में एक पल भी परेशान होना ना, रोना ना, जिंदगी रो रो के जीवन ये खोना ना। हौसला ज़ज्बा धीरज कभी टूटे ना की तर्ज पर यह गीत सुनकर चुनाव में असफल व्यक्तियों के पक्ष में उनके सहानुभूति में यह आर्टिकल तैयार किया हूं उम्मीद है यह गीत सुनेंगे यह आर्टिकल पढ़कर हौसला अफजाई व धीरज रखकर आगे बढ़ेंगे।चूँकि उम्मीद व हौसला अफ़जाई कर आज हारें हैं,कल जीतेंगे, मेहनत करेंगे इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे चुनावी हार जीत होते रहती है प्रसन्नता मन की शांति व संतोष भरे मन से जीते व हार दोनों प्रकार के उम्मीदवारों को फिर जनता की सेवा में आगे बढ़ना जरूरी है।



साथियों बात अगर हम मानव को धीरज बंधाने वाले टूल्स की करें तो,दुनियां में जिसके पास प्रसन्नता, मन की शांती, संतोष भरा मन हो वो भाग्यशाली और खुश इंसान है। केवल आज की ही क्यूं वो इंसान हर दुनियां मे खुश है। मनुष्य के पास बहुत सारा पैसा हो अछी शादीशुदा जिंदगी हो अच्छे माता पिता वह चुनाव में जीत का सहारा सर पर बंधा हो लेकिन मन मे संतोष व प्रसन्नता न हो तो ऐसा व्यक्ती आज की या किसी भी दुनिया मे खुश नही हो सकता। आज की दुनिया मे नाम शोहरत पद पैसा अतिआवश्यक है। लेकीन मन का संतोष प्रसन्नता उससे भी अधिक आवश्यक है,और एक बात जो की आवश्यक है वो है हमारी सेहत, सेहत अछी हो तो व्यक्ती का जीवन आनंदमय होता है,वैसे तो कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है।बस, जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता- दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं।

साथियों बात अगर हम प्रसन्नता की करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा,खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है। यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं। हमें छोटी- छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है आध्यात्मिकता, उदारता, परोपकार सहनशीलता सहिष्णुता इत्यादि मन की प्रसन्नता के प्रमुख स्त्रोतों में से कुछ हैं, जिनको जीवन में अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम मन की प्रसन्नता के गुण एवं लाभों की करें तो, प्रसन्नता तो व्यक्ति का मानसिक गुण है, जिसे व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन के अभ्यास में लाना होता है। प्रसन्नता व्यक्ति के अंतर्मन में छिपे उदासी, तृष्णा और कुंठाजनित मनोविकारों को सदा के लिए समाप्त कर देती है। वस्तुतः प्रसन्नता चुंबकीय शक्ति संपन्न एक विशिष्ट गुण है। प्रसन्नता दैवी वरदान तो है ही, यह व्यक्ति के जीवन की साधना भी है। व्यक्ति प्रसन्न रहने के लिए एक खिलाड़ी की भांति अपनी जीवन-शैली और दृष्टिकोण को अपना लेता है। उसके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता- असफलता जय-पराजय, और सुख-दुख उसके चिंतन का विषय नहीं होता। वह तो अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर बढ़ता जाता है।प्रसन्नता मानवों में पाई जाने वाली भावनाओं में सबसे सकारात्मक भावना है। इसके होने के विभिन्न कारण हो सकते हैं: अपनी इच्छाओं की पूर्ति से संतुष्ट होना। अपने दिन-रात के जीवन की गतिविधियों को अपनी इच्छाओं के अनुकूल पाना। किसी अचानक लाभ से लाभांवित होना। किसी जटिल समस्या का समाधान प्राप्त होना।

साथियों बात अगर हम प्रसन्नता के लक्ष्यों की प्राप्ति की करें तो, प्रसन्न रहने वाला व्यक्ति परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेता है। यदि वह असफल भी हो जाता है तो निराश होने और अपनी विफलता के लिए दूसरों को दोष देने की अपेक्षा अपनी चूक के लिए आत्मनिरीक्षण करना ही उचित समझता है।ज्ञानीजन और अनुभवी बताते हैं कि प्रसन्नता जैसे दैवीय-वरदान से कुतर्की और षड्यंत्रकारी लोग सदैव वंचित रह जाते हैं। प्रसन्न व्यक्ति स्वयं को प्रसन्न रखकर दूसरों को भी प्रसन्न रखने की अद्भुत सामर्थ्य रखता है।प्रसन्नता को प्रभु-प्रदत्त संपदा समझने वाले व्यक्ति ही सदैव सुखी रहते हुए यशस्वी, मनस्वी, महान और पराक्रमी बनकर समाज और राष्ट्र के लिए आदर्श स्थापित करने में सक्षम हो सकते हैं। प्रसन्नता ही सुखी जीवन का मूल मंत्र है। प्रसन्नता हमारा अनमोल खजाना है। प्रसन्नता को ज़रूर लुटाइए फ़िर देखिए, उसका खजाना बढ़ता चला जाएगा ।भलाई करना कर्त्तव्य नहीं, आनन्द है । क्योंकि वह प्रसन्नता को पोषित करता है ।सबको प्रसन्न करने की शक्ति सब में नहीं होती ।प्रसन्नता आत्मा को शक्ति प्रदान करती है। प्रसन्नता पूर्वक उठाया गया बोझ हल्का महसूस होता है। प्रसन्नता शब्द का प्रयोग मानसिक या भावनात्मक अवस्थाओं के संदर्भ में किया जाता है, जिसमें संतोष से लेकर तीव्र आनंद तक की सकारात्मक या सुखद भावनाएं शामिल हैं। इसका उपयोग जीवन संतुष्टिको, व्यक्तिपरक कल्याण, यूडिमोनिया, उत्कर्ष और कल्याण के संदर्भ में भी किया जाता है ।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दैनिक लगने वाली शास्त्री शाखा का वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न

कानपुर। रविवार को संघ दृष्टि से कानपुर पश्चिम जिले के शास्त्री नगर में स्व0 राममूर्ति मिश्र स्मारक पार्क (छोटा सेंटर पार्क) में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दैनिक लगने वाली शास्त्री शाखा का वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। इस वार्षिकोत्सव जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा योग, आसन, खेल, समता, दण्ड के कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

वार्षिकोत्सव में मुख्य वक्ता कानपुर विभाग के कार्यवाह साहब लाल ने अपने उद्बोधन में कहा की संघ पर कट्टरता को लेकर की जाने वाली अनर्गल टिप्पणियों को पूरी तरह से गलत बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बर्तन प्रतिदिन मांजा जाए तो चमकता है, उसी प्रकार दैनिक शाखा में सीखे गए अनुशासन से स्वयंसेवक का व्यक्तित्व चमकता है जो समाज में परिलक्षित होता है। संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है जिसमें पंच परिवर्तन (परिवार जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य) का संदेश दे रहा है। साथ ही समाज को प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर थैला लेकर जाने की आदत विकसित करनी होगी। जन्मदिन या किसी विशेष अवसर पर वृक्षारोपण अवश्य करें। इस दौरान मुख्य रूप से जिला संघचालक बी एस चंदेल, नगर कार्यवाह प्रेम नारायण, शाखा कार्यवाह मनोज शुक्ला, मुख्य शिक्षक विशाल तथा पूर्व पार्षद राघवेंद्र मिश्रा समेत सैकड़ों स्वयंसेवकों तथा आम जनमानस ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com


# मैं तो गरीब हूँ, मेरा बचपन गरीबी में बीता



**पंकज सीबी मिश्रा,**
**राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार**
**जौनपुर यूपी**

धीरे-धीरे आलोचनाओं वाला मौसम आ गया था। लेकिन आलोचना वाला फीलिंग नहीं आ पा रहा था। लोग अपने-अपने ढंग से जोर लगा रहे थे। कोई पत्थर - तलवार छोड़, कलम पकड़ने की और मिडिया खरीदने की अपील कर रहा था, कोई 'गोली मारो भालो को' का ऐलान कर रहा था, कोई धर्म पूछकर दुकान चलाने का फ़रमान जारी कर रहा था, कोई संसद में हाथ नचा नचा मोदी को चिढ़ा रहा था, कोई बेआवाज वफ्फ के नाम से हज़ारों बीघा क़ब्ज़ा कर ले रहा था, दंगे हो रहे थे, आग लगाए जा रहे थे, न्यायिक फ़ैसले हो रहे थे, कोई ज़ोर लगाए हुए थी, कटने-काटने की अपील हो रही थी ।तू तड़ाक वाली दोस्ती भी अब आ देख लूंगा में बदल गई। डप्पू - हेलो हेलो डोलू ! मैं डप्पू बोल रहा हूँ योर डिअर फ्रेंड । यार तू जिज्जी वाली सीट को बचा ले , मम्मी जी के सारे श्रोत गोता खा गये हैं , बहुत नुकसान हो जायेगा उनका।

डोलू - सुनाई नही दे रहा ठीक से , टावर नही आ रहा है मोबाइल में । रुक जाओ हम इधर से करता है । हां मैं ये कह रहा था कि जिज्जी की सीट तो हम बचा लेंगे पर नुकसान की भरपाई तुमको खुद करना होगा । डप्पू जी - डोलू नुकसान की भरपाई मैं कैसे करूंगा। मैं तो गरीब हूँ। मेरा बचपन गरीबी में बीता है। मेरी माँ ज्डोलू - अच्छा अच्छा ठीक है ज. सुन अपने वालों की एक एक किडनी बेच दो और इनका 5 किलो फ्री राशन बंद करवानें को यात्रा निकाल दो। बहुत हो गया फ्री ।बलिदान देना होगा किसी न किसी को तभी मिलेगी सत्ता। बिना बलिदान के क्रांति नही होती। सत्ता पाने वाली फीलिंग कराने की तमाम कोशिशें अपने-अपने ढंग से हो रही थीं। लेकिन सब कोशिशों के बावजूद उदात्त अंतर्राष्ट्रीय गौरव का एहसास नहीं हो पा रहा । अभी तक क्या नहीं था हमारे पास ? राष्ट्रकवि, राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु आदि थे। परंतु राष्ट्रीय गुंडा नहीं था। अब जाकर हमें यह राष्ट्रीय गुंडा मिला तो थोड़ा संतोष हुआ कि देर से ही सही थोड़ा गौरव करने लायक़ एक बात तो हुई। सीना थोड़ा चौड़ा हुआ। लगे हाथ मालूम हुआ कि अब यह देश दुनिया में कहीं भी आतंक फैला सकता है। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद का सेहरा इसके सिर बँधा। सीना तो फूलकर कुप्पा हो गया। लेकिन विपक्ष की एक कमी अभी बाक़ी थी। अभी तक यहीं का पैसा लेकर लोग विदेश भागते थे।

अब एक राज्य में घोखाधड़ी करके लोग दूसरे में आराम फ़रमाते हैं। अब अंतर्राष्ट्रीय जालसाज़ की कमी भी पूरी हो गई। कोई ज़रूरत नहीं है इसे केन्या, श्रीलंका, चीन, पाकिस्तान आदि के साथ जोड़ने की। आलोचना के गौरव की अनुभूति को जाया मत होने दीजिए। हिंदुत्वा इकोसिस्टम में कौम के उत्थान के लिए विपक्ष द्वारा सिस्टम में सोशल मीडिया के जरिए, नॉन स्टॉप चौबीसों घंटे बारहों महीने खोपड़ी के भीतर धुलाई सफाई और डाटा फीडिंग होती रहती है। आम आदमी हरदम पोस्ट पढ़ता, वीडियो क्लिप्स देखता रहता है और दिमाग में अच्छी तरह बैठवा लेता है कि फलाने ने देश का नाश किया और यात्रा वाला वराह अवतार धारण करके देश का उद्धार करनें आया हैं, आम आदमी अच्छी तरह बैठवा लेता है कि गैस सिलेंडर चाहे हजार का मिले या उससे ज्यादा का, अगर ब्लेंडर्स प्राइड पी सकते है तो सिलेंडर का ऊंचा प्राइस भी दे सकते हैं, अच्छी तरह बैठवा लेता है कि खुल्लो को टाइट रखने के लिए अगर डेढ़ दो सौ रुपए लीटर में पेट्रोल लेना पड़े तो खुशी खुशी ले लेना चाहिए। इस इकोसिस्टम के बाहर देश दुनिया में क्या चल रहा ये देखने समझने जानने की इन्हे जरूरत नही है। अब हमारे

# आईआईटी कानपुर ने रक्षा अनुप्रयोगों के लिए क्रांतिकारी तकनीक का किया शुभारंभ



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने मेटामटेरियल सरफेस क्लोकिंग सिस्टम (अनलक्ष्य एमएससीएस ) के शुभारंभ के साथ स्टील्थ तकनीक में एक अग्रणी प्रगति की घोषणा की। अग्रणी शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा विकसित, यह अभिनव प्रणाली मल्टीस्पेक्ट्रल स्टील्थ क्षमताओं में एक नया मानदंड स्थापित करती है, जो रक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और विशिष्ट उद्योगों में परिवर्तनकारी अनुप्रयोग प्रदान करती है।इस अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, एवीएसएम,वीएम , वीएसएम, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, सेंट्रल एयर कमांड, भारतीय वायु सेना (एलएएफ) उपस्थित थे, तथा लेफ्टिनेंट जनरल चेरिश मैथसन, पीवीएसएम, एसएम, वीएसएभ और एयर मार्शल राजेश कुमार, पीविएसएम, एवीएसएम, वीएम,एडीसी , मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । इस अवसर पर आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल, प्रो0 तरुण गुप्ता, डीन, आरएंडडी, आईआईटी कानपुर और मेटा तत्व सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एयर वाइस मार्शल प्रवीण भट्ट, एयर कमोडोर अजय चौधरी और ब्रिगेडियर अभिनंदन सिंह सहित प्रतिष्ठित रक्षा क्षेत्र के लीडरों की उपस्थिति ने समारोह को और समृद्ध बना दिया।अनलक्ष्य एमएससीएस , आई आई टी कानपुर भौतिकी विभाग के प्रोफेसर अनंथा रामकृष्ण, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर कुमार वैभव श्रीवास्तव और आईआईटी कानपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर जे रामकुमार के दिमाग की उपज है, जिसे उनके प्रतिभाशाली छात्रों की टीम- श्री गगनदीप सिंह, डॉ काजल चौधरी और डॉ अभिनव भारद्वाज के साथ-साथ अन्य पीएचडी विद्वानों के द्वारा विकसित किया गया है। यह कपड़ा आधारित ब्रॉडबैंड मेटामटेरियल माइक्रोवेव अवशोषक एक व्यापक स्पेक्ट्रम में लगभग पूर्ण तरंग अवशोषण प्रदान करता है, जो सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) इमेजिंग के खिलाफ स्टील्थ क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है।इस अवसर पर बोलते हुए, आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा, प्रो. रामकृष्ण, प्रो. श्रीवास्तव, प्रो. रामकुमार और छात्र समूह को असाधारण स्टील्थ गुणों वाली इस उल्लेखनीय सामग्री को विकसित करने के लिए बधाई, जो अत्यंत उन्नत और अद्वितीय है। हमें उम्मीद है कि यह नवाचार हमारे रक्षा बलों की स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेगा। मुझे विश्वास है कि आईआईटी कानपुर रक्षा क्षेत्र के लिए उभरने वाली ऐसी कई और तकनीकों का नेतृत्व करेगा।

# ओटीएस को लेकर एआरटीओ प्रशासन ने फायनेंसरो के साथ की बैठक

◆ 250 आवदेकों ने उठाया लाभ, 73 लाख का राजस्व हुआ प्राप्त

बीपीएस न्यूज

कानपुर।उप्र परिवहन आयुक्त के दिशा निर्देश पर एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) योजना का संचालन 6 नवम्बर, 2024 से 5 फरवरी , 2025 तक किया जा रहा है जिसके तहत बकाया टैक्स जमा कर शतप्रतिशत पेनाल्टी में छूट प्रदान की जा रही है। इस योजना का प्रचार प्रसार करते हुए एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने बैनर, पोस्टर और छोटे बडे वाहनो में स्टीकर चस्पा कर बकाया टैक्स वाहन स्वामियों से अपील की है कि वह इस योजना का लाभ उठा कर पेनाल्टी में शतप्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते है।

एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने बताया कि वाहन स्वामी या उनके विधिक उत्तराधिकारी को उनके समक्ष आवेदन शुल्क के साथ आर.टी.ओ कार्यालय में आवदेन करना होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में करीब 250 वाहन स्वामियों ने इसका लाभ उठाया है और 73 लाख टैक्स वसूला गया है।इसके साथ ही उन्होंने फायनेंसरो के साथ बैठक कर उन्हें भी इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है ताकि सरकार का राजस्व भी जमा हो जाए और वाहन स्वामी को शतप्रतिशत टैक्स पर लगने वाली पेनाल्टी की पूरी छूट का लाभ मिल सके।

-प्रचार प्रसार के लिए 28 स्पॉट चिन्हित

ओटीएस यानी मुश्त समाधान योजना के प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर ,बैनर लगाने के लिए 28 स्थानो का चयन किया गया है जिनमें प्रमुख रूप से कानपुर नगर तहसील, बिल्हौर तहसील, घाटमपुर तहसील, नरवल तहसील, रामादेी चौराहा, टांसपोर्ट नगर तिराहा बाबूपुरवा, टांसपोर्ट नगर तिराहा जूही, झकरकटी बस स्टैण्ड, रावतपुर चौराहा, मंणना चौराहा, नौबस्ता बाईपास, कलयाणपुर टैम्पो स्टैण्ड, डी.एम आफिस कार्यालय, उर्सला अस्पताल, पनचक्की चौराहा, जरीब चौकी, घंटाघर, पनकी फिटनेस सेंटर, गोविन्द नगर, कारगिल चौराहा, भौंती बाईपास चौराहा, जाजमउ, फजलगंज है।

## मंडल वेटलिफ्टिंग 1 दिसंबर को

कानपुर। मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं कानपुर जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में एक दिसंबर को अरमापुर स्टेट स्थित आरमरीना स्टेडियम में कानपुर मंडल के पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों की वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न होगी ,इच्छुक खिलाड़ी कानपुर मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव विनय अवस्थी अथवा कानपुर जिला वेटलिफ्टिंग संगठन के सचिव कौशलेंद्र सिंह से संपर्क स्थापित करें ।

# सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक नसीम सोलंकी ने सदन में ली शपथ



कानपुर। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक नसीम सोलंकी ने विधानसभा में बुधवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें शपथ दिलाई। नसीम सोलंकी शहर की दूसरी मुस्लिम महिला विधायक हैं। उनके पति और सीसामऊ के विधायक रहे हाजी इरफान सोलंकी को न्यायालय से सजा मिलने के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई थी।इसके बाद उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के रूप में नसीम सोलंकी ने सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीतीं। शपथ ग्रहण के दौरान आर्यनगर के सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी और उनकी पत्नी वंदना वाजपेयी भी मौजूद रहीं। पूर्व महानगर अध्यक्ष अब्दुल मोईन खान, सपा ग्रामीण जिला इकाई के प्रवक्ता नसीम रजा, हाजी सरताज अनवर आदि सपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

# प्राकृतिक खेती अपनाना वर्तमान समय की मांग

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के शाकभाजी अनुभाग के सस्यविद डॉ राजीव द्वारा बताया गया कि खेती में रासायनिक उर्वरकों एवं कृषि रक्षा रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी की सेहत खराब हो रही है, तथा गुणवत्ता युक्त उत्पाद भी नहीं मिल पा रहा है। इसलिए प्राकृतिक खेती अपनाना वर्तमान समय की मांग है जिससे मिट्टी की सेहत में सुधार होगा एवं खेती की लागत में कमी आएगी तथा टिकाऊ खेती का सपना साकार होगा। प्राकृतिक खेती का उद्देश्य सबके लिए सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। इससे जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दिशा में डॉ राजीव द्वारा विश्वविद्यालय के सब्जी विज्ञान विभाग में तीन फसल पद्धतियों जैसे -हरीखाद ढुपत्ता गोभीट्टढ लोबिया (गर्मी), लोबिया (खरीफ) मटर, तोरई तथा मूंग, टमाटर पर प्राकृतिक खेती का शोध किया जा रहा है। फसलों पर विभिन्न प्राकृतिक घटकों जैसे जीवामृत, गोबर की खाद, जीवामृत व जैविक मल्चिंग का संयुक्त प्रयोग तथा गोबर की खाद व जैविक मल्चिंग का संयुक्त प्रयोग को शत प्रतिशत रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग के तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है। डॉ राजीव द्वारा बताया गया कि गत वर्ष के अध्ययन के अनुसार सब्जी फसलों में गोबर की खाद 20 टन/हे0 व जैविक मल्चिंग 7.5 टन/हे0 के संयुक्त प्रयोग से सर्वाधिक पत्ता गोभी में 210.09 कुंतल, लोबिया (गर्मी फसल) में 89.28 कुंतल, लोबिया (खरीफ फसल) में 87.12 कुंतल, मटर में 82.12 कुंतल, तोरई में 168.02 कुंतल, मूंग में 9.10 कुंतल तथा टमाटर में 350.68 कुंतल प्रति हेक्टेयर पैदावार प्राप्त हुई तथा इस प्राकृतिक विधि से प्राप्त उपज रासायनिक उर्वरकों की पैदावार के लगभग बराबर रही। उन्होंने बताया कि यह अध्ययन लगातार 3 साल तक किया जाएगा तथा 3 साल के परिणाम के आधार पर सब्जी आधारित फसल पद्धतियों के लिए प्राकृतिक खेती का आर्थिक विश्लेषण के उपरांत स्थानीय कृषि परिस्थितिकी के अनुसार मॉडल विकसित होगा।डॉ राजीव द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए केंद्र सरकार की कैबिनेट ने 25 नवंबर को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत देश में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को मंजूरी दी है जिसका लक्ष्य एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करना है।

## पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

कानपुर। युवक को थाईलैंड के बजाए वर्मा के जंगलों में भेजने वाले दो शातिर अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे। शिवेंद्र नमक युवक को धोखाधड़ी कर के भेजा थाईलैंड के बजाए वर्मा शिवेंद्र के भाई के अनुसार उसका भाई वर्मा के जंगलों में बंधक है।कल्याणपुर पुलिस फरीदकोट व अमृतसर से दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफतार पकड़े गए अभियुक्त संदीप कुमार शर्मा व करनदीप सिंह हैं। दोनों अभियुक्तों को पंजाब से कल्याणपुर थाना लाया गया। जहां उनसे पूंछतांच की गई।पूंछतांच के दौरान दोनों को अपराध में शामिल होना पाया गया है।

# अग्निशमन सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अपर इंडिया शुगर एक्सचेंज जच्चा बच्चा चिकित्सालय, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर में प्रधानाचार्य प्रो. संजय काला के दिशा निर्देश के तहत अग्निशमन से सम्बन्धित जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ संजय काला ने कहा कि आग से बचाव एवं आपातकालीन स्थिति में सही कदम उठाने का ज्ञान अत्यन्त महत्वपूर्ण है एवं जच्चा बच्चा चिकित्सालय में रोगियों एवं स्टाफ की सुरक्षा सर्वोपरि है। कार्यशाला में सह-आचार्य, डॉ दिव्या द्विवेदी ने आग से बचाव एवं रोकथाम के विभिन्न पहलुओं पर जागरुक एवं प्रशिक्षण किया। साथ ही विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, प्रोफेसर डॉ रेनू गुप्ता ने आग लगने पर प्रभावी निकासी योजना एवं आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया एवं मरीजों की सुरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सालय में कार्यरत कार्मिकों/ रेजीडेन्ट्स / संकाय सदस्यों को अग्निशमन उपकरणों का सही उपयोग सिखाना था। आग लगने की स्थिति में निकासी प्रक्रिया को समझाना था, आग के विभिन्न प्रकारों और उन्हे बुझाने के तरीके की जानकारी प्रदान करना उद्देश्य रहा। कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में सी.एम.एस. डॉ. अनीता गौतम, प्रोफेसर नीना गुप्ता, प्रोफेसर सीमा द्विवेदी, डॉ शैली अग्रवाल सहित सभी संकाय सदस्यों, नर्सों, कर्मचारियों, रेजिडेंट डॉक्टरों सहित लगभग 110 लोगों ने प्रतिभाग किया। इसके साथ ही फायर फाइटिंग सिस्टम जिसमें फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म सिस्टम, पानी के हाइड्रेंट एवं स्प्रिंकलर सिस्टम को सुचारू रूप से काम करने की स्थिति की जांच एवं उसकी क्रियाशीलता का प्रशिक्षण एवं परीक्षण भी किया गया।

## आईटीआई के प्रधानाचार्य निलंबित

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अनुदेशिका पर फेल अभ्यर्थियों को पास करने का अनैतिक रूप से दबाव बनाने के आरोप में आईटीआई पांडुनगर के प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। ये कार्रवाई व्यावसायिक शिक्षा के विशेष सचिव ने अनुशासनहीनता मानते हुए की है।

अनुदेशिका का ये भी आरोप लगाया है कि प्रधानाचार्य ने बिना किसी आरोप पर उस पर कार्रवाई की थी। व्यावसायिक शिक्षा के विशेष सचिव ने गुरुवार देर रात ये कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल निलंबन अवधि में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय से संबद्ध भी कर दिया है।

आरोप है कि मृतक आश्रित में होने वाली टंकण परीक्षा में फेल अभ्यर्थियों को पास करने के लिए प्रधानाचार्य ने अनुदेशिका पर अनैतिक रूप से दबाव बनाया था। अनुदेशिका ने ये काम करने से मना किया तो पहले उस पर दबाव, जब वह नहीं मानी तो उसे मात्र 10 दिनों में ही तीन वर्षों के लिए टंकण परीक्षक के कार्य से प्रतिबंधित कर दिया था।

ये मामला अप्रैल में हुआ था। इसके बाद अनुदेशिका की ओर से मई में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# एआई एवं मशीन लर्निंग आधारित दवा के खोज पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण पर कार्यशाला





बीपीएस न्यूज

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग में इन्वोवेशन एप्रोच एन ड्राग डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट विषय पर सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की कार्यशाला के आयोजक सचिव डॉ अजय कुमार यादव ने अवगत कराया की बुधवार को कार्यशाला के दूसरे एवं तीसरे दिवस हेतु डॉ रजनीश कुमार ,एक्सपर्ट, फार्मेसी विभाग, आई. आई.टी बीएचयू को आमंत्रित किया गया है जिनके द्वारा एआई एवं मशीन लर्निंग आधारित दवा के खोज पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। आमंत्रित अतिथि डॉ रजनीश कुमार का स्वागत विभाग की निदेशक डॉ शशि किरण मिश्रा द्वारा बुके प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम की कार्यशाला के दूसरे एवं तीसरे दिन डॉ0 रजनीश कुमार ने एआई एवं मशीन लर्निंग आधारित दवा के खोज पर व्याख्यान और प्रशिक्षण दिया। डॉ रजनीश ने बताया की एआई एवं मशीन लर्निंग की मदद से पहले से उपलब्ध डाटा का प्रयोग करके नई दवाओं को कम लागत पर विकसित किया जा सकता है। डॉ कुमार ने कंप्यूटर एडेड ड्रग डिस्कवरी के विभिन्न तरीको के बारे में बताया उन्होंने ट्यूटोरियल के माध्यम से मोलक्यूलर रिकग्निशन के बारे में बताया डॉ रजनीश ने बताया कि नयी विकसित दवा का क्लीनिकल ट्रायल करने से पहले एआई की मदद से दवा के ट्रायल में सफल होने की सम्भावना का पता लगाया जा सकता है इससे दवा को विकसित करने के खर्च को कम किया जा सकता है डॉ कुमार ने सार्स कोविड के प्रोटीन पर भी बाइंडिंग एवं डॉकिंग को समझाया डॉ कुमार ने वीना और जीनीना सॉफ्टवेयर की मदद से प्रतिभागियों को डॉकिंग करना सिखाया उन्होंने गूगल क्लाउड कंप्यूटिंग के कोलेव की मदद से भी डॉकिंग करना सिखाया। इस अवसर पर डॉ श्वेता सिंह वर्मा, डॉ अनुप्रिया कपूर, डॉ0 निशा शर्मा, डॉ0 मीनाक्षी गुप्ता, डॉ0 कल्पना, डॉ0 प्रतिमा कटियार, डॉ0 ममता तिवारी, डॉ0 ज्योति नंदा शर्मा, डॉ0 स्वर्णाक्षी उपाध्याय, अजय कुमार सिंह, डॉ0 पल्लवी तिवारी, डॉ0 अमृता सिंह आदि शिक्षकगण तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# अग्निसुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषयक पर कराई गई मॉकड्रिल



बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिरहाना रोड स्थित केपीएम अस्पताल में जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण एवं फायरसर्विस कानपुर नगर के संयुक्त तत्वाधान में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषयक मॉक ड्रिल की गई ड्रिल में आपदा प्रबंधन के मुख्य प्रशिक्षक लखन शुक्ला व फायर स्टेशन लाटूश रोड की टीम की उपस्थिति में ड्रिल सम्पादित हुई घटना नियंत्रण अधिकारी डॉ आर सी यादव सीएमएस रहे सामन्य रूप से अस्पताल में ओपीडी चल रही थी अचानक वर्ड ब्वाय चंदन ने देखा इमरजेंसी के पास पैनल से धुआँ विवेक ने आग आग शोर किया नीरज, नवनीत, राम जी , तेज प्रकाश फायर सिलेंडर एबीसी चलाया इलेक्ट्रिशयन बउवा ने लाइन कट किया अस्पताल आपदा प्रबंधन टीम त्वरित कारवाही करते हुए भर्ती मरीजों को पास की बिल्डिंग कल्पना प्लाजा में शिफ्ट किया चिकित्स्कों व पैरामिडिकल स्टाफ की एक टीम वहां मरीजों की मदद में लगी अस्पताल मैनेजर खुश्बू चतुर्वेदी ने बताया अस्पताल में भर्ती सभी मरीज सुरक्षित है मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबन्धन लखन शुक्ला व एफएसओ केलाश चंद्रा ने बताया आज मॉक ड्रिल के माध्यम से अस्पताल के चिकित्स्कों व स्टाफ कर्मचारियों को अस्पताल आपदा प्रबंधन योजना के तहत अग्नि आपदा के दौरान अस्पताल के मरीजों संसाधनों आदि की सुरक्षा कैसे करनी है अस्पताल में लगे सुरक्षा उपकरणों की समय समय पर जाँच करना तथा मॉक ड्रिल के द्वारा उपकरणों की क्रियाशीलता पता चलती है एफएसओ केलाश चंद्रा ने बताया कि लूज वैरिंग हॉस्पिटल में नहीं होना चाहिए निकासी का मार्ग बाधा मुक्त होना चाहिए उपकर्णो की जानकारी सभी को होनी चाहिए सीएमएस डॉ आर सी यादव ने बताया अस्पताल में आपदा प्रबंधन अग्निसुरक्षा साइड सेफ्टी क्राउड मैनेजमेंट केमिकल सेफ्टी रोड सेफ्टी सेफ्टी उपरकणो के रखरखाव आदि की विशेष जानकारी दी गई।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, डिवाइडर तोड़ ट्रक से टकराई कार, चार डॉक्टरों समेत पांच की मौत



बीपीएस न्यूज

कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल हैं। कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ ट्रक से टकरा गई। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के चार डॉक्टरों समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के साढ़े तीन बजे के करीब किलोमीटर संख्या 196 हादसा हुआ। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के चार डॉक्टरों समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी लोग लखनऊ से शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। सुबह 3-43 पर कंट्रोल रुम से सूचना मिली कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 196 पर हादसा हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्कार्पियो आगरा जा रही थी, नींद आने के कारण कार डिवाइडर तोड़ कर आगरा से लखनऊ जाने वाली दिशा में पहुंच गई। इसके बाद आगरा की तरफ से आ रहे ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में अनिरुद्ध वर्मा पुत्र पवन कुमार वर्मा निवासी राधा विहार एक्सटेंशन कमला नगर आगरा समेत पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल है।

## समझौते के बाद कुशाग्र को डीजे कोर्ट से मिली जमानत

कानपुर। मेघदूत होटल के मालिक के घर के एक भाग में कब्जा करने के मामले में जेल गए प्रेस क्लब के पूर्व महामंत्री कुशाग्र पांडेय को शनिवार को जमानत मिल गई। डीजे कोर्ट में हुई सुनवाई में मेघदूत होटल के मालिक ने कोर्ट में समझौता नामा पेश कर दिया। जिसके बाद कुशाग्र को जमानत मिल गई। बीती 25 नवम्बर को कोतवाली पुलिस ने मेघदूत होटल के मालिक अशोक कुमार मल्होत्रा की तहरीर पर कुशाग्र पांडेय समेत 31 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसी दिन शाम को पुलिस ने कुशाग्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुशाग्र पाण्डेय की जमानत को लेकर शनिवार को डीजे कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के वकील शैलेन्द्र पांडेय और शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि कोर्ट में अशोक कुमार मल्होत्रा ने समझौता नामा पेश किया।

# आयकर विभाग की रिमझिम इस्पात के 40 से अधिक ठिकानों में छापेमारी

## 50 करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी की आशंका



कानपुर। शहर समेत यूपी में 40 से अधिक ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई 24 घंटे बाद भी जारी है। आयकर की टीम ने लोहा, स्टील व स्क्रैप की प्रमुख कारोबारी की रिमझिम इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों के कारोबारियों के यहां छापेमारी की है। कानपुर, उन्नाव, हमीरपुर, गाजियाबाद, नोएडा समेत कई शहरों में शुक्रवार को भी आयकर अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं।

आयकर सूत्रों के मुताबिक दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों में भी छापेमारी हो सकती है। कानपुर में छापेमारी के दौरान टैक्स चोरी के बड़े पैमाने पर सबूत मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक अभी तक 50 करोड़ रुपए से अधिक की टैक्स चोरी पकड़ी जा चुकी है। ये रकम और बढ़ सकती है। छापेमारी भी 2 से 3 दिन और चल सकती है। सूत्रों के मुताबिक टैक्स चोरी, मुखौटा कंपनियां व खरीद-फरोख्त में बड़ी गड़बड़ियों के साक्ष्य अब तक मिल चुके हैं। कंपनी के मालिक के कानपुर स्थित तिलक नगर आवास के अलावा रनियां, हमीरपुर के समेरपुर में दो व उन्नाव स्थित फैक्ट्री पर आयकर टीमों की छापेमारी जारी है। हमीरपुर, उन्नाव में भी टीमों ने कार्रवाई की। इसके बाद दायरा बढ़ाया। छापे में डीजीजीआई टीम के होने की भी चर्चा है। इस्पात कारोबारी की फैक्ट्रियों में गड़बड़ी के व्यापक साक्ष्य मिलने पर आयकर ने छापेमारी का दायरा बढ़ा दिया। कारोबार से जुड़े व्यापारियों के ठिकानों पर गुरुवार सुबह नौ बजे टीमें पहुंच गईं थीं। स्क्रैप कारोबार से जुड़े विपिन गुप्ता और सचिन गुप्ता की फर्म के संचालक व उनके छोटे भाई के भूसाटोली, हरबंश मोहाल स्थित आवास व कारखाने में भी छापेमारी जारी है।

एक दर्जन और करीबी कारोबारियों के प्रतिष्ठान व आवास पर टीमों की जांच देर रात तक जारी रही। सुबह भी जांच चल रही है। एमरॉड फजलगंज, टीपी नगर, दादा नगर, पनकी, विकास नगर में भी टीमें जांच करने पहुंचीं।

# बच्चों में टीबी के निदान, उपचार एवं प्रबंधन को दिया प्रशिक्षण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। प्रधानमंत्री के वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के सपने को साकार करने के उद्देश्य से क्षयरोग विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वास्थ्य तत्वधान में सहयोगी संस्था वर्ल्ड हैल्थ पार्टनर द्वारा सीएमओ कार्यालय के सभागार में बच्चों को होने वाली टीबी के निदान एवं उपचार को सरकार द्वारा शुरू किये गये पीडियट्रिक टीबी प्रोग्राम का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक रंजन के नेतृत्व में संबंधित प्रशिक्षण की अध्यक्षता जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ आरपी मिश्रा ने की । जिला क्षयरोग अधिकारी ने कहा की बच्चों की टीबी में सबसे प्रमुख लक्षण खांसी, भूख कम लगती है और उनका वजन भी कम होने लगता है। लेकिन माता-पिता इन्हें कोई सामान्य समस्या मानकर नजरअंदाज कर देते हैं जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। अगर बच्चों को खांसी है और 14 दिनों से ज्यादा समय तक बनी हुई है। साथ ही बुखार भी नहीं उतर रहा है, तो ये सभी लंग्स वाली टीबी के लक्षण हैं। ऐसे में तुरंत डॉक्टरों से सलाह लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग होने की जरूरत है। श्वसन संबंधी गंभीर रोगों में शामिल टीबी एक संक्रामक रोग है। इसका खतरा बच्चों में भी बढ़ रहा है। बचाव के लिए बीसीजी का टीका जरूरी है। वहीं खानपान में विटामिन सी की मात्रा वाले भोज्यपदार्थ शामिल करें। टीबी पीड़ित बच्चों के लिए अच्छी नींद जरूरी है। साथ ही उन्हें नियमित हल्के व्यायाम करने के लिए भी कहें। उनके भोजन में पुष्ट और प्रचुर मात्रा में प्रोटीन युक्त आहार शामिल करें। मास्टर ट्रेनर व जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ निकिता दीवान ने बताया कि गर्भवती में समय से टीबी की पहचान न होने से बच्चे के समय से पहले जन्म, कम वजन वाले बच्चे के जन्म, अंतर्गर्भाशयी विकास प्रतिबंध और प्रसवकालीन मृत्यु में छह गुना वृद्धि का जोखिम बना रहता है। इसके ठीक समय से जांच और इलाज शुरू हो जाने से मां और बच्चे दोनों सुरक्षित हो जाते हैं। टीबी ग्रसित गर्भवती और धात्री महिलाओं के उपचार के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निश्चित प्रोटोकॉल तय हैं और इनके जरिये मां बच्चे दोनों का ध्यान रखा जाता है।

इन मरीजों को यथाशीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भेजा जाना चाहिए। प्रशिक्षण में मेडिकल कॉलेज सहित जिला पुरुष व महिला अस्पतालों के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधीक्षक व क्षयरोग विभाग की टीम और सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ के मेडिकल अफसर एवं डब्ल्यूएचपी की राज्य प्रतिनिधि व जिला प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### उपराष्ट्रपति के आगमन पर एम्बुलेंस हेतु ग्रीन कॉरीडोर की गई व्यवस्था

कानपुर। महामहिम उपराष्ट्रपति के कानपुर नगर आगमन के दृष्टिगत एम्बुलेंस हेतु ग्नीन कॉरीडोर की व्यवस्था की गई है जिसके सम्बन्ध में पुलिस कार्यालय सभागार में अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें एसीपी यातायात सृष्टि सिंह, विभिन्न हॉस्पिटल एवं एम्बुलेंस के संचालक/प्रबन्धकगण को ग्रीन कॉरीडोर के सन्दर्भ में अवगत कराया गया । गोष्ठी के दौरान रिजेंसी हॉस्पिटल, चांदनी हॉस्पिटल, न्यू लीलामनी हॉस्पिटल एसपीएम हॉस्पिटल, गेस्ट्रोलीवर हॉस्पिटल जीटीबी हॉस्पिटल, केएमसी हॉस्पिटल, उजाला सिग्नस हॉस्पिटल तथा एम्बुलेंस सेवा 108 के पदाधिकारी व रेड एम्बुलेंस के संचालकगण उपस्थित रहे । गोष्ठी में उपस्थित विभिन्न हॉस्पिटल एवं एम्बुलेंस सेवा के प्रतिनिधियों का व्हाट्स ग्रुप तैयार कर बनाये गये ग्रीन कॉरीडोर एवं ट्रैफिक हेल्पलाइन नं0 को अधिक से अधिक प्रसारित किये जाने हेतु भी अनुरोध किया गया।

# आग के समय वाहन की रफ्तार नियंत्रित रखने की दिलाई गई शपथ



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।जुगवीर सिंह लांबा आपदा विशेषज्ञ कार्यालय जिलाधिकारी कानपुर के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कानपुर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा यातायात माह के अवसर पर रूमा स्थित एमकेयू लिमिटेड में सुरक्षित यातायात एक पहल जनजागरूकता अभियान के तहत सुगम यातायात एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लखन शुक्ला मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबंधन एवं मास्टर ट्रेनर रेडक्रॉस द्वारा दिया गया कैंप का शुभारम्भ सुमित खंडेलवाल डारेक्टर ने किया लखन शुक्ला ने बताया चालक तनिक सावधानी बरतें, तो शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि परिवहन सुरक्षा बड़ी चुनौती है। रक्षात्मक ड्राइविंग ही इसका समाधान है। ट्रैफिक सिग्नल की जानकारी सभी को होनी चाहिए सड़क सुरक्षा से संबंधित अनुभव की साझेदारी की। इसमें ट्रैफ़िक पुलिस, सड़क संकेत, सिग्नल से जुड़ी यातायात नियंत्रण प्रणाली के बारे में बताया गया ।चालकों को कहा गया कि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट को जरूर बांधे।

सड़क दुर्घटना में लोग मरते है जिसका सबसे बड़ा कारन समय पर उन्हें फस्ट एड नहीं मिल पाती है यदि हम घायल को गोल्डन आवर में मदद दे दे तो सड़क दुर्घटना में मरने वालो के आकड़े को कम किया जा सकता है यदि सड़क पर यातायात नियमो का पालन करते हुए वाहन चलाय तो दुर्घटना को कम किया जा सकता है वाहन चलाते समय नशा न करे ,मोबाईल का प्रयोग न करे, नशे की स्थिति में ड्राइविंग न करे , गति नियंत्रित रखे गलत दिशा में वाहन न चलाये गलत तरह से गाड़ी ओवर टेक न करे सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करे एक्सीडेंट में घायलों की मदद करे सबसे पहले रक्तस्राव को रोके।

शीतकालीन मौसम में विशेष ध्यान दें,फॉग के समय वाहन की रफ्तार नियंत्रित रखें। पार्किंग लाइट का उपयोग करें ।आगे और पीछे चल रहे वाहनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें ।कम विजिबिलिटी में अधिक सतर्क रहें। यातायात नियमों का पालन कर अपना और दूसरों का सफर सुरक्षित बनाएं। इस अवसर पर जीएम शोभित खंडेलवाल ने ट्रेफिक नियमों का पालन करने और लोगो को प्रेरित करने की शपथ दिलाई।

# खेती में जैविक खादों के प्रयोग करने से बढ़ेगी पैदावार

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं रबी गोष्ठी का आयोजन प्रगतिशील कृषक चरण सिंह यादव की अध्यक्षता में ग्राम औरंगाबाद, विकासखंड मैथा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए दलहन एवं तिलहन फ़सल की खेती करने के साथ-साथ जैविक खेती पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि जैविक खादों के प्रयोग करने से पैदावार बढ़ेगी तथा रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम होगा ।इससे मनुष्य में होने वाली घातक बीमारियां भी नहीं होगी ।डॉक्टर खान ने रबी फसलों में दीमक की रोकथाम हेतु बुबेरिया वैसियाना तथा क्लोरपैरीफॉस दवाओं के प्रयोग की सलाह दी तथा उन्होंने कहा कि समय-समय पर किसान भाई मिट्टी का परीक्षण भी आवश्यक कराते रहे। इस अवसर पर एडीओ कृषि बृजेंद्र यादव ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं मेला के बारे में विस्तार से किसानों को बताया। प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार शिवली श्री दीपक कुमार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि विभाग के दीपक राजपूत,प्रमेश चंद्र, राधेश्याम सहित सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# डॉ. जी डी यादव ने जटिल हार्निया का किया सफलतापूर्वक आपरेशन

**♦ इस जटिल आपरेशन को करके डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज का नाम किया रोशन**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पेट में सूजन और दर्द की समस्या से जूझ रहे मरीज का हैलट अस्पताल की सर्जरी विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ जीडी यादव की यूनिट में भर्ती कर उसका जटिल आपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। मरीज पूरी तरह से स्वस्थ्य है।

सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो0 डॉ जी.डी यादव ने बताया कि ग्वालटोली शूटरगंज निवासी मरीज विनोद (39) कपड़े की फैक्ट्री में काम करता है। विनोद पिछले 5 वर्षों से पेट में सूजन की समस्या से पीड़ित था। मरीज के पूर्व में कुल चार ऑपरेशन भी किया जा चुके हैं इसमें दो ऑपरेशन 7 वर्ष पूर्व मरीज के पेट में मवाद भर जाने के कारण किसी अन्य अस्पताल में चीज लगाकर किया गया तो वहीं 2 वर्ष बाद मरीज की उदर भित्ति में कमजोरी आने के कारण पेट में दर्द और सूजन की समस्या का सामना करना पड़ा रहा था। मरीज अपनी समस्या को लेकर 18 नवंबर,24 को हैलट अस्पताल पहुंचा जहां उसने सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉ जी.डी.यादव को बीमारी के बारे में बताया। जिस पर उन्होंने मरीज को आयुष्मान लाभार्थी योजना के अंतर्गत भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया। डॉ जी.डी यादव ने 4म9म12 सेंटीमीटर के आकार के बड़े हार्निया का ऑपरेशन अपनी सूझबूझ से अत्याधुनिक तकनीक पोस्टेरियर कंपोनेंट सपरेशन ट्रांसवर्सस एब्डोमेंस रिलीज नामक ओपन हर्निया विधि की सलाह दी।

ऑपरेशन के दौरान एक नहीं बल्कि कई हर्निया डिफेक्ट पाई गई जिससे ऑपरेशन की जटिलताएं बढ़ती गई एवं ऑपरेशन द्वारा लगभग 45 सेंटीमीटर की जाली उदर भित्ति एब्डोमिनल वॉल में स्थापित की गई। 19 नवम्बर,24 को डॉक्टर जीडी यादव ने इस जटिल ऑपरेशन को मात्र 2 घंटे में संपन्न करके जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर के नाम एक उपलब्धि और जोड दी। ऑपरेशन के सफलतापूर्वक होने पर प्राचार्य डॉ संजय काला ने डॉ जीडी यादव व उनकी टीम को बधाइ दी। इस सर्जरी करने वालो में मुख्य रूप से जेआर-3 डॉक्टर अंशिका राजन वर्मा , डॉक्टर अनामिका गुप्ता, जेआर-2 डॉक्टर सुमित भास्कर, डॉक्टर कमल राज, जेआर-1 डॉक्टर आलोक यादव, डॉ दीपांशी महेश्वरी व एनेस्थीसिया टीम में डॉक्टर अपूर्व अग्रवाल एचओडी, डॉ रचना एमडी, डॉक्टर मुदिता, डॉक्टर दीपक व डॉ मुकेश मौजूद रहे।

# जैपुरिया स्कूल ने स्वर्ण जयंती संस्थापक दिवस समारोह की घोषणा




बीपीएस न्यूज

कानपुर। विद्यालय परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में, सेठ आनन्दराम जैपुरिया शिक्षण समिति के अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया ने घोषणा की कि मुख्य समारोह 1 दिसम्बर को दोपहर 2:20 बजे आयोजित होगा। इस स्वर्णिम अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे तथा विशेष अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल , उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व उत्तर प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री राकेश सचान समारोह में शामिल होंगे। ये सम्मानित अतिथि 2024 के आई.सी.एस.ई. व आई.एस. सी. तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगे ।इस प्रेस कॉन्फ्रेस में शिशिर जैपुरिया जी के साथ स्कूल के अन्य प्रतिनिधि डायरेक्टर (आई.टी.) हरीश संदूजा, विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी व उप प्रधानाचार्य गणेश तिवारी भी उपस्थित रहें। उन्होंने मीडिया को यह जानकारी दी कि द्विदिवसीय इस भव्य कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष, छात्रगण, समस्त शिक्षक, पूर्व विद्यार्थी, अभिभावक व अन्य गणमान्य व्यक्ति एकत्रित होंगे ।30 नवंबर को समारोह का शुभारंभ अन्वेषिका-क्रेस्ट फॉर एक्सीलेंस प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगा। तत्पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पर्श-द हीलिंग टच आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि भारतीय शास्त्रीय संगीत के दिग्गज, पद्म विभूषण उस्ताद अमजद अली खान होंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी ।विद्यालय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रगतिशील भावना को दशति हुए विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। गुरु-शिष्य के पारस्परिक शिक्षाप्रद एवं उपचारात्मक सम्बन्धों को दशति हुए स्वामी रामकृष्ण परमहंस व स्वामी विवेकानंद पर आधारित लघु नाटिका स्पर्श का मंचन किया जाएगा। सिम्फोनिक ऑर्केस्टा की मधुर संगीत प्रस्तुति भी होगी ।सन् 1974 में स्थापित सेठ आनन्दराम जैपुरिया स्कूल, कानपुर स्वर्ण जयंती वर्षगाँठ का आयोजन वर्ष भर से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कर रहा है। सेठ आनन्दराम जैपुरिया स्कूल, को वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश का शीर्ष विद्यालय घोषित किया गया।

स्कूल के पूर्व छात्रगण अपने उत्कृष्ट कार्यों से न केवल विद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं अपितु विद्यालय की सफलता का परचम देश-विदेश में फैला रहे हैं।

# ध्वस्त ट्रैफिक पर नया प्लान शहर को 8 जोन में बांटा गया, हर जोन पर एक ट्रैफिक इंस्पेक्टर की तैनाती

## ट्रायल सफल रहा तो स्थायी रूप से लागू होगी व्यवस्था



बीपीएस न्यूज

कानपुर। ध्वस्त ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए कानपुर पुलिस कमिश्नरेट लगातार नए-नए प्लान बना रही है। इसी क्रम में अब ट्रैफिक के 4 जोन को अब 8 जोन में बांट दिया गया है। हर जोन को दो हिस्सों में बांटकर 8 जोन बना दिए गए हैं।

हर जोन की जिम्मेदारी ट्रैफिक इंस्पेक्टर की होगी। टीआई का क्षेत्र तय होने पर वह बेहतर काम कर सकेंगे। उम्मीद है कि नए ट्रैफिक प्लान से शहर के लोगों को जाम से राहत मिलेगी। शादी-बारातों के चलते शहर में अब रात में भी जाम लग रहा है। डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार ने बताया कि शहर का जाम खत्म करने के लिए ग्राउंड लेवल पर काम किया जा रहा है। इसके चलते शहर को अब 4 जोन को अब 8 हिस्सों में बांट दिया गया है। यानी कि अब कानपुर ट्रैफिक 8 जोन में बंट गई है। हर जोन में शुक्रवार से एक ट्रैफिक इंस्पेक्टर की तैनाती कर दी गई है। टीआई को पर्याप्त बल मुहैया कराया जाएगा। इस बदलाव को इसलिए किया गया है क्योंकि एक टीआई का क्षेत्र बहुत बड़ा होता था, इस वजह से जिम्मेदारी तय नहीं हो पाती थी। अब हर जोन को दो सेक्टर में बांटने और दो टीआई तैनात करने से यातायात नियंत्रित करने में आसानी होगी। उम्मीद है कि ट्रैफिक का नया प्लान सफल होगा। ट्रायल में बेहतर रिजल्ट मिलता है तो इसे व्यवस्था को स्थायी रूप से कर दिया जाएगा ।डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार से हर जोन में एक ट्रैफिक इंस्पेक्टर की तैनाती कर दी गई है।

टीआई मनोज कुमार सिंह को टीआई पूर्वी प्रथम, रविंद्र कुमार सिंह को टीआई पूर्वी द्वितीय, शिवाकांत शुक्ला को टीआई सेंट्रल प्रथम, समीर जावेद खा को टीआई सेंट्रल द्वितीय, हरिकेश आर्या को टीआई पश्चिम प्रथम, मोबिन खान को टीआई पश्चिम द्वितीय, राजकिशोर यादव को टीआई साउथ प्रथम, राजकुमार मिश्रा को टीआई साउथ द्वितीय का प्रभार सौंपा है। वहीं, धर्मवीर सरोज को टीआई लाइन बनाया गया है। टीआई लाइन रहे एसआई अखिलेश शर्मा और प्रभारी जोन पश्चिम रहे सत्येंद्र कुमार को टैफिक लाइन से संबद्ध कर दिया गया है।

# कूड़ा फेंकने वालों का कटेगा ऑनस्पॉट चालान

## रिटायर जवान वसूलेंगे जुर्माना, सर्दियों में भी सुबह 5 बजे से शुरू होगी सफाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम जल्द शहर आकर सफाई की हकीकत जानेगी। इसको लेकर नगर निगम ने कमर कस ली है। स्वच्छता के प्रति लोगों को सचेत करने और कार्रवाई करने के लिये जल्द स्वास्थ्य विभाग एक अलग प्रवर्तन टीम (दस्ता) बनाने जा रहा है। जो घरों-बाजारों में घूम-घूमकर कूड़ा सड़क पर फेंकने, डस्टबिन न रखने, कूड़ा जलाने पर कार्रवाई करेगा। ढाई हजार रुपए तक जुर्माना वसूला जाएगा ।हर जोन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक्स आर्मी मैन घूमेंगे और नियमों का पालन न करने वाले लोगों से ऑन स्पॉट जुर्माना वसूलेंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह के अनुसार नगर आयुक्त ने इस योजना को लेकर सहमति दी है जल्द टीम बनाकर सड़कों पर उतारी जायेगी। ठंड बढ़ने के साथ ही वायु प्रदूषण की हालत खराब हो रही है। इसको देखते हुये जोनल स्वच्छता अधिकारी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई एवं खादय निरीक्षक, सफाई नायकों और पर्यवेक्षकों को सुबह 5 बजे से सड़कों पर निकलने के लिये निर्देश दिये गये हैं।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय कुमार संखवार ने बताया कि सभी को निर्देश दिये गये हैं कि उनके क्षेत्रों में कूड़ा न जलाया जाये, इसकी मॉनिटरिंग करें। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों को भी निर्देशित कर दें कि उनके द्वारा भी कूड़ा न जलाया जायें। यदि कोई व्यक्ति कूड़ा जलाते हुये पाया जाता है तो उसके विरूद्ध चालान, जुर्माना की कार्यवाही की जाये। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कहीं भी कूड़ा जलता हुआ पाया जाता है तो संबन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जोन 5 में पार्क में कूड़ा डालने और आग लगाने और पनकी भाटिया तिराहा के पास कूड़े के ढेर के मामले में नगर निगम ने कार्रवाई की है। पनकी में तैनात सफाई पर्यवेक्षक विजय का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश जोनल स्वच्छता अधिकारी को दिये हैं।

# हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार पर विदेश मंत्रालय सख्त, कहा- अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें बांग्लादेश

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि भारत ने पड़ोसी देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार को लेकर दृढ़ता से अपना विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि भारत ने लगातार और दृढ़ता से बांग्लादेश सरकार के साथ हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर खतरों और लक्षित हमलों को उठाया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हम चरमपंथी बयानबाजी के बढ़ने से चिंतित हैं ।जयसवाल ने कहा कि हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं को केवल मीडिया की अतिशयोक्ति कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। हम बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का आह्वान करते हैं। बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और कारावास की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि हम इस्कॉन को सामाजिक सेवा के मजबूत रिकॉर्ड के साथ विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित संगठन के रूप में देखते हैं। जहां तक ? ?चिन्मय दास की गिरफ्तारी का सवाल है, हमने उस पर अपना बयान दे दिया है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों के खिलाफ मामले और कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। हम उम्मीद करते हैं कि इन प्रक्रियाओं को निष्पक्ष, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाया जाएगा, जिससे इन व्यक्तियों और सभी संबंधित लोगों के लिए पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

रणधीर जयसवाल ने साफ तौर पर कहा कि जहां तक ? ?बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की स्थिति का सवाल है, हमने विरोध को स्पष्ट कर दिया है। हमने बांग्लादेश के साथ यह मामला उठाया है कि उन्हें अल्पसंख्यकों की रक्षा करने और उनके हितों की रक्षा करने, उनकी सुरक्षा और सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। भारत से बांग्लादेश को वस्तुओं की आपूर्ति पर उन्होंने कहा कि भारत से बांग्लादेश को वस्तुओं की आपूर्ति जारी है। और इसी तरह, बांग्लादेश और भारत के बीच दोनों दिशाओं में व्यापार जारी है।

# अजमेर दरगाह में शिव मंदिर का दावा करने वाली याचिका सुनवाई के लिए मंजूर



यूपी के संभल वाला मामला शांत नहीं हुआ इधर राजस्थान अजमेर की प्रसिद्ध दरगाह शरीफ को लेकर एक नया विवाद सामने आया है. दरअसल, हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा दायर याचिका में दरगाह को शिव मंदिर बताया गया है. इस मामले में अजमेर पश्चिम के न्यायिक मजिस्ट्रेट ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है. कोर्ट ने दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मामलात विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को नोटिस जारी करते हुए 20 दिसंबर को अगली सुनवाई की तारीख तय की है. यानि तीन पक्षों को नोटिस दिया गया है.

असल में अजमेर पश्चिम सिविल जज सीनियर डिविजन मनमोहन चंदेल की अदालत में बुधवार को इस याचिका पर सुनवाई हुई. याचिका में दरगाह को हिंदू पूजा स्थल बताते हुए सर्वे और ऐतिहासिक तथ्यों की जांच की मांग की गई थी. कोर्ट ने इस मामले में सभी संबंधित पक्षों को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है. दरगाह कमेटी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे अदालत के आदेश की प्रति मिलने के बाद अपने वकीलों से चर्चा करेंगे और न्यायिक प्रक्रिया के तहत निर्णय लेंगे.

यह याचिका हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दायर की थी, जिसमें दावा किया गया कि दरगाह की भूमि पर पहले भगवान शिव का मंदिर था. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने अपनी याचिका में 1911 में लिखी गई हर विलास शारदा की एक पुस्तक का हवाला दिया. इस किताब में दावा किया गया है कि दरगाह के नीचे एक गर्भगृह है, और परिसर में इस्तेमाल की गई कुछ सामग्री एक प्राचीन मंदिर के मलबे से संबंधित है. याचिका में यह भी कहा गया कि दरगाह का 75 फीट ऊंचा बुलंद दरवाजा इसी मंदिर का हिस्सा था.

यह पहली बार नहीं है जब अजमेर दरगाह को लेकर इस तरह का दावा किया गया हो. इससे पहले 2022 में महाराणा प्रताप सेना नामक एक हिंदू संगठन ने भी दरगाह को शिव मंदिर बताते हुए राज्य और केंद्र सरकार को पत्र लिखा था. संगठन ने दरगाह परिसर में स्वस्तिक चिन्ह जैसी हिंदू धार्मिक आकृतियों का हवाला देते हुए इस क्षेत्र का सर्वे कराने की मांग की थी. उस वक्त भी यह मामला काफी चर्चा में रहा था.

रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंदू संगठनों ने समय-समय पर दरगाह को हिंदू मंदिर बताने की मांग की है. उन्होंने सर्वे, खुदाई और ऐतिहासिक दस्तावेजों की जांच कराकर सच्चाई सामने लाने की मांग की है. इससे पहले भी इन संगठनों ने राज्य और केंद्र सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए पत्र लिखे हैं. अब कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार किए जाने के बाद सभी पक्षों की प्रतिक्रिया और अगले कदम पर नजरें टिकी हैं.

# हम अदालतों से भीख नहीं मांगेंगे वक्फ बिल का विरोध करते मौलाना रहमानी ने दे डाली धमकी!

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ बिल के मसले पर धमकी भरा रुख अपनाया है. बेंगलुरु में 29वें अधिवेशन के दौरान, मंच से कई पदाधिकारियों ने कथित रूप से मुसलमानों को भड़काने की कोशिश की. मौलाना अबू तालिब रहमानी, सैयद तनवीर हाशमी व अन्य सदस्यों ने कहा कि अब वे अदालतों से भीख नहीं मांगेंगे. रहमानी ने कहा कि सरकार को यह कानून वापस लेना ही होगा. नेताओं ने कहा कि 'संसद उनकी तो सड़क हमारी है.' हालांकि, बाद में, ढ्ढस्नक्क प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास कहा कि 'सड़क हमारी है' कहने का मतलब यह है कि अगर हम संसद में अपनी आवाज नहीं उठा सकते, तो सड़कों पर अपनी आवाज उठाएंगे.बेंगलुरुमंच से मौलाना रहमानी ने कहा, 'हिंदू भाइयों, आपसे कहना चाहता हूं कि आपके और हमारे बीच में ये कोई तीसरा लैंड ब्रोकर आ गयाज् क्या समझ रखा है ? हमें अपने दीन की भी हिफाजत करनी है और अपने हिंदुस्तान की भीज् अगर लोकतंत्र में शक्ति तंत्र का हुंकार चलेगा तो मैं भी कह देना चाहता हूं कि अब हम अदालतों के दरवाजे पर भीख नहीं मांगेंगेज् अब ये कह देंगे कि अगर संसद तुम्हारी है तो सड़क हमारी हैज्'आरोप लगाया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 देशभर की वक्फ संपत्तियों को 'हड़पने' के इरादे से तैयार किया गया है. इलियास ने कहा, 'बोर्ड के सम्मेलन में महसूस किया गया कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को पूरे देश में फैली वक्फ संपत्ति को हड़पने के लिए चतुराई से तैयार किया गया है.' 29वां अधिवेशन रविवार को बेंगलुरु में संपन्न हुआ. इलियास ने कहा कि प्रस्तावित सभी 44 संशोधन और उनकी उप-धाराएं वक्फ संपत्ति के दर्जे को 'खत्म करने और हेरफेर करने'के इरादे से तैयार की गई हैं. उन्होंने कहा, 'हमें लगता है कि जेपीसी अपना काम ईमानदारी से नहीं कर रही है.' मंच से कहा गया कि अगर तमाम कोशिशों के बावजूद बिल पास हो जाता है, तो वे संशोधनों को वापस लेने के लिए केंद्र सरकार पर हरसंभव तरीके से दबाव बनाएंगे. बोर्ड ने कहा कि सबसे पहले ये निर्णय लिया गया है कि उसका पूरा नेतृत्व और सभी पदाधिकारी संसद के समक्ष धरना देंगे. समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को 'अस्वीकार्य 'ने कहा कि यह संविधान में मौलिक अधिकारों के तहत प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक विविधता के खिलाफ है.के प्रवक्ता ने कहा कि बोर्ड स्पष्ट शब्दों में यह कहता है कि यह मुस्लिम समुदाय को अस्वीकार्य है।

# तिरंगे का अपमान, हिंदुओं पर अत्याचार', हम बांग्लादेशी मरीजों का नहीं करेंगे इलाज, अस्पताल ने खाई कसम

कोलकाता के एक अस्पताल ने बांग्लादेशियों के इलाज पर रोक लगा दी है. कोलकाता के एक अस्पताल ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह बांग्लादेश के मरीजों का इलाज नहीं करेगा, क्योंकि पड़ोसी देश में भारतीय ध्वज का अपमान किया गया है. जिसके बाद कोलकाता अस्पताल ने बड़ा फैसला किया है.कोलकाता के मनिकतला इलाके में स्थित जेएन रे अस्पताल ने शुक्रवार को बांग्लादेश में बिगड़ते हालात, हिंदुओं मंदिरों की तोड़-फोड़, और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बीच यह घोषणा की है. बांग्लादेश में इस साल अगस्त में शेख हसीना को सरकार से हटाए जाने के बाद से हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को कट्टरपंथी इस्लामवादियों के हाथों बढ़ते अत्याचारों का सामना करना पड़ रहा है.

अस्पताल के अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने कहा, 'हमने एक अधिसूचना जारी की है कि आज से अनिश्चित काल तक हम किसी भी बांग्लादेशी मरीज को उपचार के लिए भर्ती नहीं करेंगे. यह मुख्य रूप से भारत के प्रति उनके अपमान के कारण है.' उन्होंने शहर के अन्य अस्पतालों से भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार के विरोध में ऐसा ही करने का आग्रह किया.

भक्त ने तिरंगे का अपमान होते देख हमने बांग्लादेशियों का इलाज बंद करने का फैसला किया है. भारत ने उनकी स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन इसके बावजूद हम भारत विरोधी भावनाओं को देख रहे हैं. हमें उम्मीद है कि अन्य अस्पताल भी हमारा समर्थन करेंगे और इसी तरह के कदम उठाएंगे.बांग्लादेश में हाल ही में हुए घटनाक्रमों ने देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर व्यापक चिंताएं पैदा कर दी हैं. शुक्रवार को, विदेश मंत्रालय (रू्श्व) ने बांग्लादेश में हाल ही में चरमपंथी बयानबाजी में वृद्धि पर प्रकाश डाला और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया.

# पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर झांसी में हुआ हमला!



पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर उनके नेतृत्व में चल रही सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के छठे दिन हमला हुआ है। पदयात्रा के दौरान बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित पर किसी ने हमला करने के लिए मोबाइल फोन फेंक दिया। सूत्रों के मुताबिक, यात्रा के दौरान उनके स्वागत में फूलों के साथ मोबाइल फोन भी फेंका गया था। हालांकि, धीरेंद्र शास्त्री ने इससे खुद इनकार किया है। उन्होंने कहा कि कोई हमला नहीं हुआ। पुष्पवर्षा कर रहे एक भक्त का गलती से मोबाइल फोन गिर गया। यह कोई हमला नहीं था। हम इस यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से चला रहे हैं।

बताया जा रहा है कि मोबाइल फोन सीधे धीरेंद्र शास्त्री के चेहरे पर लगा। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, जिन्हें बागेश्वर धाम सरकार के नाम से भी जाना जाता है, ने 160 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की। 11 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में कई संतों, राष्ट्रवादी विचारकों और अन्य लोगों की भागीदारी शामिल है। शास्त्री द्वारा मध्य प्रदेश के छतरपुर से ओरछा तक की जा रही 'सनातन पदयात्रा' को समर्थन देने के लिए कई संत एक साथ आए हैं।

आपको बता दें कि बागेश्वर धाम सरकार के नाम से मशहूर आध्यात्मिक नेता धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में हिंदू एकता के लिए अपने समर्थकों के साथ 160 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की। नौ दिवसीय ''हिंदू एकता पद यात्रा'' बागेश्वर धाम से शुरू हुई जो निवाड़ी जिले के ओरछा में श्री राम राजा मंदिर में समाप्त होगी। ओरछा में श्रीराम को भगवान और राजा के रूप में पूजा जाता है तथा अक्सर भक्तों द्वारा इसे ''दूसरी अयोध्या'' कहा जाता है। यात्रा में उनके सैकड़ों समर्थक ''हिंदू राष्ट्र'' की मांग वाली तख्तियां लिए हुए थे। यात्रा की शुरुआत में भाग लेने वालों में प्रदेश भाजपा प्रमुख और लोकसभा सांसद वी डी शर्मा और राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार शामिल थे।

# संभल हिंसा में एक्शन में योगी सरकार, सार्वजनिक जगहों पर लगेंगे पोस्टर, होगी नुकसान की वसूली



उत्तर प्रदेश सरकार ने संभल हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की घोषणा की है। एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि संभल हिंसा में शामिल प्रदर्शनकारियों को सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए भुगतान करना होगा और पत्थरबाजों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे। संभल में रविवार (24 नवंबर) को कोट गर्वी इलाके में शहर की शाही जामा मस्जिद के अदालत के आदेश पर किए गए सर्वेक्षण पर टकराव के बाद चार लोगों की मौत हो गई और पुलिस कर्मियों सहित कई घायल हो गए, एक याचिका के बाद जिसमें दावा किया गया कि एक बार हरिहर मंदिर था साइट पर खड़ा था ।एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि संभल हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ यूपी सरकार सख्त रुख अपना रही है। पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर सार्वजनिक रूप से लगाए जाएंगे और नुकसान की भरपाई की मांग की जाएगी। उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को इनाम की भी घोषणा की जा सकती है। इसी तरह की पहल में, सरकार ने पहले 2020 में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान बर्बरता से जुड़े व्यक्तियों के पोस्टर लगाए थे। ये पोस्टर राज्य की राजधानी सहित कई स्थानों पर प्रदर्शित किए गए थे, लेकिन बाद में अदालत के आदेश के बाद हटा दिए गए थे।

संभल पुलिस ने मोबाइल सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरों का उपयोग करके हालिया हिंसा के दौरान पथराव में शामिल 100 से अधिक लोगों की पहचान की है। इनमें से कुछ नाबालिगों समेत 27 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक चौंकाने वाले खुलासे में, पुलिस ने पाया कि कुछ पत्थरबाजों ने खुद को आंसू गैस के प्रभाव से बचाने के लिए अपनी आंखों के चारों ओर हरा लोशन का इस्तेमाल किया था। गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि लोशन ने आंसू गैस की जलन को कम कर दिया, जिससे उन्हें अपनी गतिविधियाँ जारी रखने की अनुमति मिली।

# फडणवीस का सीएम बनना लगभग तय, शिंदे ने खुद को दौड़ से किया बाहर

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के नाम पर कई दिनों से चल रहे सस्पेंस को खत्म करते हुए कार्यवाहक-सीएम एकनाथ शिंदे ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और खुद को सीएम की दौड़ से बाहर कर दिया। इसके साथ ही देवेंद्र फडणवीस का सीएम बनना लगभग तय हो गया है।

उन्होंने प्रचंड जीत के लिए राज्य की जनता को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने यह भी साफ किया कि वह ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो किसी भी पद या स्थिति के लिए परेशान होंगे। उन्होंने सीएम पद छोड़ने का बड़ा संकेत देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए जो भी फैसला करेंगे, वह उससे सहमत होंगे।

महायुति ने चुनावों में भारी जीत हासिल की और 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटें हासिल कीं। उन्होंने कहा कि मैं न तो परेशान हूं, न ही नाराज हूं। पिछले दो-चार दिनों से आपने ऐसी अफवाहें देखी होंगी कि कोई नाराज है। हम नाराज़ होने वाले लोग नहीं हैं। मैंने कल प्रधानमंत्री से बात की और उन्हें बताया कि महाराष्ट्र में सरकार बनाने में हमारी ओर से कोई बाधा नहीं है। आप निर्णय लें। बीजेपी का फैसला अंतिम है। एनडीए का नेता कौन है ? पीएम मोदी और एचएम अमित शाह। इसलिए मैंने उन दोनों को फोन किया कि महाराष्ट्र में सरकार बनाने में हमारी तरफ से कोई दिक्कत नहीं है। आप निर्णय लें और हम निर्णय स्वीकार करेंगे। बीजेपी के वरिष्ठ नेता सीएम पद को लेकर जो भी फैसला लेंगे, उनके उम्मीदवार को शिवसेना पूरा समर्थन देगी।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को भारी जीत दिलाने के बाद, मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार के रूप में देखे जा रहे वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक के लिए सोमवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद महाराष्ट्र में भाजपा की कायापलट का श्रेय जाने वाले देवेन्द्र फडणवीस पहले ही भाजपा आलाकमान से मिलने के लिए दिल्ली रवाना हो चुके हैं। शिवसेना के एकनाथ शिंदे और एनसीपी के अजित पवार के भी राजधानी के लिए रवाना होने की संभावना है।

# खून जैसी लाल हो गई सड़क, रात को दिखा भयानक मंजर

तेलंगाना के हैदराबाद में जीडीमेटला स्थित औद्योगिक एस्टेट के निकट रहने वाले लोग उस हैरान रह गए जब सोमवार देर रात खून जैसा दिखने वाला लाल रंग का तरल पदार्थ सड़क पर फैल गया. गटर से निकलने वाले तरल पदार्थ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे व्यापक चिंता पैदा हो गई. अधिकारियों ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह पदार्थ 'पेंट वॉश' है, न कि 'खतरनाक पदार्थ है.'

प्रदूषण नियंत्रण अधिकारियों ने तरल पदार्थ के नमूने एकत्र कर लिए हैं, जिनका परीक्षण किया जा रहा है. अधिकारियों ने बताया कि उन्हें संदेह है कि 'पेंट वॉश' में कहीं पर पानी मिलने के कारण यह घटना हुई.

आपको बताते चलें कि देश के कई शहरों में ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके हैं. महाराष्ट्र और यूपी के मामले चर्चित रहे थे. जेदीमेटला इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों में खून का पनाला बहता दिखा. वहां के लोगों को परेशान करने वाली बात ये भी थी कि ये पानी लाल रंग का निकल रहा था और उससे भयानक बदबू यानी दुर्गंध क्यों आ रही थी.

लोगों ने बताया कि उस पानी की वजह से उन्हें सांस लेने में दिक्कच महसूस हुई. इस पूरे वाकये को लोगों ने अपने मोबाइल पर रिकॉर्ड कर लिया. वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क पर पानी चारो तरफ पैला हुआ है और लोग उसे गंदे पानी को पार करते हुए वहां से गुजर रहे हैं. वो एक दूसरे से बात कर रहे हैं.

# संभल के पत्थरबाजों को पकड़ाओं ईनाम पाओ

लखनऊ। संभल में जामा मस्जिद का सर्वे कराये जाने के दौरान पत्थरबाजी करने वालों के बुरे दिन शुरू हो गये हैं। योगी सरकार ने पत्थरबाजों के पोस्टर चौक-चौराहों पर लगाने के साथ इन पत्थरबाजों को पकड़ने में सहयोग करने वालों को ईनाम भी दे रही है। जामा मस्जिद में मंदिर होने का दावा पेश किए जाने पर हुए दूसरे चरण के सर्वे के दौरान हिंसा फैलाने वाले 250 आरोपितों के पोस्टर पुलिस प्रशासन की ओर से जारी किए गए हैं। इन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के साथ ही शहर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किये जा रहे हैं। इनकी पहचान कर पता बताने वालों का नाम गोपनीय रखते हुए उन्हें इनाम भी दिया जाएगा। इसके साथ ही बवाल के बाद फरार हुए उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए एक दर्जन से अधिक टीमें गठित की गई हैं, जो आसपास क्षेत्र के अलावा दिल्ली और उसके आसपास व उत्तराखंड में भेजी गई हैं। इसके साथ ही जिन 27 लोगों को जेल भेजा जा चुका है उनका डाटा खंगाला जा रहा है।

संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के अनुसार, जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। उनपर बलवा समेत अन्य धाराएं लगाने के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी एनएसए के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जो लोग भी पत्थर बरसाने, आगजनी करने करने और फायरिंग करने वाले थे उनमें से अधिकांश ड्रोन कैमरों और दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए हैं। जिनकी फुटेज निकाली जा चुकी हैं और उनके पोस्टर भी तेयार कराए गए हैं। जो भी इनके बारे में सूचना देगा उसे पुलिस प्रशासन की ओर से इनाम भी दिया जाएगा। कुछ महिलाएं भी पत्थरबाजी करते समय कैमरों में कैद हो गईं हैं,इनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# मुस्लिमों को वोटिंग अधिकार न हो-महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामी के बयान पर मौलाना जावेद हैदर जैदी ने जताई सख्त आपत्ति

लखनऊ। देश में वक्फ बोर्ड और उससे जुड़े मुद्दों पर बहस तेज होती जा रही है। इसी बीच विश्व वोक्कालिगा महासमस्तन मठ के महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामी के विवादित बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय को वोट देने का अधिकार नहीं होना चाहिए और वक्फ बोर्ड को समाप्त किया जाना चाहिए।

महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामी ने बेंगलुरु में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, देश में ऐसा कानून लाना चाहिए, जिसके तहत मुस्लिम समुदाय के किसी भी व्यक्ति को वोट देने का अधिकार न हो। वक्फ बोर्ड को खत्म करना होगा क्योंकि यह किसानों की जमीनों पर दावे कर रहा है। किसी की जमीन छीनना किसी धर्म का हिस्सा नहीं हो सकता।

उन्होंने यह भी कहा, पाकिस्तान ने अपने यहां दूसरे धर्मों के लोगों के वोटिंग अधिकार सीमित कर दिए हैं। भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए, ताकि मुस्लिम समुदाय अपने दायरे में रहे और देश में शांति बनी रहे ।मौलाना जावेद हैदर जैदी ने जताई कड़ी आपत्तिमहंत स्वामी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मौलाना जावेद हैदर जैदी ने इसे न केवल भड़काऊ बल्कि असंवैधानिक भी बताया। उन्होंने कहा, यह बयान भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है।

संविधान ने हर नागरिक को समान अधिकार दिए हैं, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, या वर्ग से हो। इस तरह के बयान समाज को बांटने और नफरत फैलाने के उद्देश्य से दिए जा रहे हैं ।मौलाना ने आगे कहा, भारत की विविधता इसकी ताकत है। किसी भी समुदाय को उनके अधिकारों से वंचित करना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि यह देश की एकता और अखंडता के खिलाफ है। संसद के शीतकालीन सत्र में वक्फ संशोधन बिल चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है। इस मुद्दे पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक बुधवार को होनी है, जिसमें बिल का ड्राफ्ट पेश किया जा सकता है। विपक्ष ने इस समिति के कार्यकाल को बढ़ाने की मांग की है ।राजनीतिक प्रतिक्रियाएं और संभावित प्रभाव

महंत के इस बयान पर राजनीतिक हलकों से भी तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। विपक्षी दलों ने इसे देश की धर्मनिरपेक्षता पर हमला बताते हुए निंदा की है। संवैधानिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के बयान न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि देश के सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर सकते हैं ।महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामी का बयान और मौलाना जावेद हैदर जैदी की प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि वक्फ बोर्ड और मुस्लिम समुदाय से जुड़े मुद्दों पर बहस तीखी होती जा रही है। ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर सावधानीपूर्वक और जिम्मेदार रवैया अपनाने की जरूरत है ताकि समाज में शांति और सद्भाव बना रहे।

# एक्सपो ग्राउंड बृजेंद्र स्वरूप पार्क में वस्त्रोद्योग में कैरियर विषय पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

- गोष्ठी में कई विद्यालय के छात्र व अध्यापक मौजूद रहे
- गोष्ठी में हथकरघा से संबंधित तकनीकी कोर्स की जानकारी दी गई





बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश कानपुर द्वारा आयोजित नेशनल हैंडलूम एक्सपो 2024 गांधी बुनकर मेला बृजेंद्र स्वरूप पार्क कानपुर में 25 11 2024 से लगा हुआ है और 8 12.2024 तक लगा रहेगा।एक्सपो मैं खरीदारी दोपहर 12ः00 से रात 9ः00 तक की जा सकती है। हैंडलूम एक्सपो का उद्घाटन मंत्री राकेश सचान के द्वारा किया गया है।मेले में अलग-अलग प्रदेशों से आए हुए हथकरघा कारीगरों एवं हाथ शिल्पियों के उत्कृष्ट उत्पादन बिक्री हेतु उपलब्ध है।एक्सपो में हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, झारखंड, राजस्थान, तमिलनाडु, जम्मू एवं कश्मीर, पश्चिम बंगाल सहित उत्तर प्रदेश के झांसी, इटावा, कानपुर, अलीगढ़ एवं वाराणसी जनपद के 80 स्टालों के माध्यम से बिक्री की जा रही है। जिसमें अतिरिक्त हस्तशिल्पियों के उत्कृष्ट उत्पाद जैसे चिकनकारी, राजस्थानी जूतियां, टेपेस्टी एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी बहुत ही उचित दर पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।एक्सपो ग्राउंड में आज वस्त्रोद्योग में कैरियर विषयक पर एक गोष्ठी पर चर्चा का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बुनकर सेवा केंद्र वाराणसी के उपनिदेशक संजय गुप्ता, उपआयुक्त प्रवर्तन पी.सी. ठाकुर एवं सहायक आयुक्त हथकरघा दीपक कुमार तिवारी उपस्थित रहे। कई विद्यालयों के छात्र व अध्यापक भी उपस्थित रहे। संजय गुप्ता उपनिदेशक बुनकर सेवा केंद्र वाराणसी द्वारा हथकरघा उद्योग में रोजगार एवं व्यवसाय की अपार संभावनाओं को देखते हुए विभिन्न प्रतिष्ठित अखिल भारतीय संस्थानों जैसे आई.आई.एच.टी. वाराणसी, आई.आई.सी.टी. भदोही आदि द्वारा चलाए जा रहे हथकरघा से संबंधित तकनीकी कोर्स की जानकारी देते हुए उन संस्थाओं की जानकारी दी गई जिनके द्वारा शत प्रतिशत रोजगार मिलने की संभावना है।गोष्ठी में मौजूद अन्य अधिकारियों द्वारा भी छात्रों को इस क्षेत्र की रोजगार परक क्षमता से अवगत कराया गया।वहीं उपआयुक्त प्रवर्तन पी.सी. ठाकुर ने नगर वासियों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में एक्सपो हैंडलूम मेले में आए और बहुत ही कम दाम में उपलब्ध हथकरघा एवं हैंडीक्राफ्ट्स के उत्पादों की अधिक से अधिक खरीदारी करें।गरीब किंतु आत्मविश्वास से भरे हथकरघा बुनकरों एवं शिल्पियों का मान बढ़ाकर देश के विकास में भागीदार बने।

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में वृहद विधिक सेवा एवं जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर नगर के संयुक्त तत्वावधान में वृहद विधिक सेवा एवं जागरुकता शिविर का आयोजन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मी बाई आडिटोरियम में मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह (द्वितीय), सदस्य सचिव उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ संजय सिंह (द्वितीय), कुलपति सी0एस0जे0एम0यू0 विनय कुमार पाठक, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय सिंह एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शुभी गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह (द्वितीय) ने अपने उदबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले, लाभार्थियों को बिना किसी रूकावट के जो योग्य है उसे लाभ पहुँचे यह सभी योजनाओं का उद्देश्य है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने उदबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि विभिन्न प्रकार के नियम, अधिनियम, कानून की जानकारी आमजन तक पहुचे ताकि लोग अपने अधिकारों के प्रति विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं आदि के प्रति जागरूक रहें।

कार्यक्रम में पंचायती राज से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत द्धद्र4शह्लद्ध मिश्रा, वन्दिता सिंह, समाज कल्याण से वृद्धा पेंशन योजना के अन्तर्गत राम नरायण, सोमकली, विनोद, मायादेवी राजपूत, महिला कल्याण से स्पान्सरशिप योजना के अन्तर्गत विराट, राज, अंशिका, आयुष्मान, दिव्यांगजन सशक्तीकरण से सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत सुजल शर्मा, आकृति, पशु पालन से गौवंश सुपुर्दगी योजना के अन्तर्गत रमेश सिंह, चन्द्र भान सिंह, लालजीत यादव, फत्ते, ग्राम्य विकास/आवास से प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के अन्तर्गत बिसमिल्ल, कमरून निशा, साबिर, स्वत: रोजगार से स्वंय सहायता समूह योजना के अन्तर्गत उर्मिला देवी, आराधना मौर्य, मनरेगा से मनरेगा मजदूर योजना के अन्तर्गत रविन्द्र, चन्द्र शेखर, कृषि से किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत सुशील कुमार, हरि शंकर, उद्यान विभाग से पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना के अन्तर्गत गौरव मिश्रा, धर्मेन्द्र कुमार, बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा से डी0बी0टी0 (जूता, मोजा, यूनिफार्म आदि) योजना के अन्तर्गत हर्षल, कल्पना, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग से प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत विनिता देवी, सूरज प्रजापति, नगर निगम (डूडा) से प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के अन्तर्गत ह्रद्दद्गह्लड्ड वर्मा, सत्येन्द्र कुमार, वैकल्पिक ऊर्जा से सोलर रूफ टाप योजना के अन्तर्गत साधना कौशल, मीना सिंह, राज किशोर, प्रान्जली दीक्षित, बाल विकास एवं पुष्टाहार से सैम सुपोषित योजना के अन्तर्गत वैष्णवी, गोलू, बैंक से मुद्रा लोन योजना के अन्तर्गत सुशील कटियार, विजय सिंह, स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्रियंका, श्रम विभाग से अटल आवासीय विद्यालय योजना के अन्तर्गत जान्हवी, हार्दिक कटियार, अंशराज एवं लेदर/एम0एस0एम0ई0 से ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत वैशाली रैदास, वैशाली लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया।

इस अवसर पर रानी लक्ष्मी बाई ऑडिटोरियम के परिसर में पंचायती राज विभाग, बैंक, लेदर/एम0एस0एम0ई0, नगर निगम (डूडा), ग्राम्य विकास, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, पशु पालन विभाग, मत्स्य, कृषि एवं उद्यान विभाग, समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, श्रम विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, वैकल्पिक ऊर्जा एवं चिकित्सा विभाग द्वारा निर्धन वर्ग, दिव्यांगजनों, बच्चों, स्त्रियों, श्रमिकों, अनुसूचित जाति व जनजाति आदि के लिय प्रदर्शनी/स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट अष्टम् मनीषा गुप्ता सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण एवं लाभार्थीगण आदि उपस्थित रहे।

# जो भी मान्यता प्राप्त यूनियन हमारी मांगों को रेल मंत्रालय के समक्ष उठाएगा ओबीसी संगठन देगा उसी का साथ : बाल गोविंद साहू



कानपुर। रेलवे में यूनियनों की मान्यता का चुनाव हो रहा है इस अवसर पर अनेक संगठन अलग-अलग मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं इस अवसर पर ओबीसी संगठन के क्या मुद्दे हैं इस विषय पर विस्तृत बातचीत इलेक्ट्रिक लोको शेड एवं टीएम शेड के शाखा मंत्री बाल गोविंद साहू जी से हो रही है

**प्रश्न**–रेलवे यूनियन के मान्यता के चुनाव में क्या आपका ओबीसी असोसिएशन भाग ले रहा है?

**उत्तर**–क्योंकि यहां रेलवे में यूनियन मान्यता का चुनाव है, हमारा संगठन इस चुनाव में भाग प्रत्यक्ष तौर पर नहीं ले रहा है, लेकिन हमारा संगठन मुद्दों के आधार पर किसी भी अन्य संगठन को समर्थन देने के लिए स्वतंत्र है।

**प्रश्न** –क्या यूनियनों के मान्यता के चुनाव में ओ पी एस या यूपीएस या एनपीएस भी एक मुद्दा है?

**उत्तर**–यूनियनों के मान्यता के चुनाव में ओ पी एस या यूपीएस भी एक मुद्दा है और सभी कर्मचारी एकजुट होकर ओ पी एस के मुद्दे पर मतदान करने के लिए सहमत हैं।

**प्रश्न** –रेलवे में यूनियनों की मान्यता के लिए जो संगठन चुनाव लड़ रहे हैं, उनसे ओबीसी संगठन की क्या मांगे हैं?

**उत्तर**–ओबीसी संगठन की कोई विशेष मांग नहीं है, मांगे वही पुरानी है जिसमें की ओबीसी के कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार की रेलवे की नौकरियों में प्रमोशन में आरक्षण प्रदान किया जाए। ओबीसी के कर्मचारियों को भी प्रमोशन के लिए प्री कोचिंग प्रदान की जाए।ओबीसी कर्मचारी जिस पद के लिए सक्षम है, उनको भी बिना भेदभाव के उस सक्षम पद पर पोस्टिंग दी जाए।ओबीसी कर्मचारी के साथ यदि किसी प्रकार का भेदभाव होता है तो यूनियन ओबीसी कर्मचारी का साथ दें।साथ ही साथ पिछले कई वर्षों से लगातार महंगाई के कारण कर्मचारियों के वेतनमान में बढ़ोतरी हुई है, इसके अनुपात में क्रीमी लेयर के लिए जो सीमा निर्धारित की गई है उसमें वृद्धि नहीं की गई है अतः इसमें भी वृद्धि की जाए। पूर्व मे वर्ष 2016 मे वृद्धि की गयी थी जिसे 8 लाख किया गया था तब से अब तक कोई वृद्धि नही हुई है अतः इसे वर्तमान राशि का लगभग दुगना होना चाहिए।ओबीसी संगठन को प्राथमिकता के आधार पर कार्यालय आवंटित किया जाए।जो भी मान्यता प्राप्त यूनियन हमारे इन मुद्दों को रेल मंत्रालय के समक्ष उठाने का कार्य करेंगे या उठाने का वादा करेंगे ओबीसी संगठन उनका साथ देगा।

# किदवई नगर चौराहे से 40 दुकान तक हटाया गया अवैध अतिक्रमण

## अतिक्रमणकारियों को दोबारा कब्जा न करने की दी गई चेतावनी





बीपीएस न्यूज

कानपुर।दोपहर के करीब किदवई नगर चौराहे से लेकर 40 दुकान तक अवैध अतिक्रमण हटाया गया। दोपहर होते ही बुलडोजर के साथ नगर निगम के अधिकारी व यातायात पुलिस सहित पुलिस फोर्स जैसे ही किदवई नगर पहुंची तो सड़क तक दुकान लगाए दुकानदारों में हड़कंप मच गया। लोग अपनी दुकान हटाते हुए दिखाई दिए।वही नगर निगम के अधिकारियों व यातायात पुलिस संयुक्त रूप से मिलकर सड़क तक अवैध रूप से दुकान लगाए हुए दुकानदारों को चेतावनी दी। साथ ही अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर द्वारा गिरा दिया गया।

जोनल अधिकारी सी.पी. सिंह ने बताया कि कई दिनों से मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से शिकायत मिल रही थी। कि किदवई नगर से 40 दुकान तक दुकानदारों ने सड़क तक कब्जा कर लिया है। जिस कारण यातायात बाधित होता है। राहगीरों को निकलने में दिक्कत उठानी पड़ती है और दुर्घटना हो जाती है। इस वजह से आज नगर निगम और यातायात पुलिस ने मिलकर संयुक्त रूप से अतिक्रमण अभियान चलाया है। दुकानदारों को चेतावनी दी गई है, कि वह दोबारा कब्जा ना करें अन्यथा दोबारा सामान जप्त करते हुए अतिक्रमण की कार्यवाही की जाएगी।

# यातायात नियमों एवं रोड सुरक्षा से सम्बन्धित बिन्दुओं के बारें में नुक्कड़ नाटक करके किया जागरूक

कानपुर। मिशन शक्ति फेज 5 व यातायात माह के अन्तर्गत थाना गुजैनी के अंतर्गत पुलिस बल द्वारा ग्राम मेहरबानसिंहपुरवा थाना गुजैनी के महिलाओं एवं पुरुषों को यातायात नियमों एवं रोड सुरक्षा से सम्बन्धित बिन्दुओं के बारें नुक्कड़ नाटक करके जागरूक किया गया। कार्यक्रम में साइबर फ्रॉड, डिजीटल अरेस्ट व छेड़छाड से सम्बन्धित जानकारी भी दी गई। अधिकारिगणों द्वारा छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला / बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए । थाना गुजैनी द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन 181 वीमेन हैल्पलाइन 112 पुलिस 1 आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्नि समन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# शिक्षा ग्रहण करने वाली लड़कियों और महिला शिक्षकों को मिशन शक्ति के तहत दी जानकारी



बीपीएस न्यूज

कानपुर। प्राथमिक विद्यालय बेकनगंज में थाने की महिला दरोगा और सिपाही ने आकर विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाली लड़कियों और महिला शिक्षकों को मिशन शक्ति के तहत जानकारी दी यह बताया कि यदि कोई भी आपको परेशान करें या किसी प्रकार से कोई छेड़छाड़ करें तो उसको 112 नंबर पर डायल करके तत्काल सूचित करें। ताकि उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सके इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक शगुफ्ता परवीन सीमा परवीन शिक्षामित्र शबाना परवीन शिक्षा में इरशाद फातिमाआदि मौजूद थी।

# प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना की प्रगति पर हुई बैठक

- केस्को द्वारा सोलर कनेक्शन से संबंधित समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें-डीएम
- जनपद के समस्त सबस्टेशनों के साथ अलग-अलग वेंडर्स को जोड़ा जाए

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना की प्रगति के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्य रूप से सभी वेंडर से वार्ता करते हुए योजना की प्रगति में आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए उपस्थित केस्को तथा दक्षिणांचल विद्युत खण्ड के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना की प्रगति में आ रही बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने के निर्देश दिए ।

जनपद को सोलर सिटी बनाने के लिए केस्को तथा दक्षिणांचल विद्युत खण्ड द्वारा विस्तरित रूप रेखा तैयार की जाए। शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य की प्राप्त हेतु दिए गए लक्ष्य को समय से पूर्ण कराने में जोर दिया जाए। जनपद के समस्त सबस्टेशनों के साथ अलग-अलग वेंडर्स को जोड़ा जाए, जिनके माध्यम से उस क्षेत्र के उपभोग्ताओ को प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया जाए। केस्को द्वारा सोलर कनेक्शन से संबंधित समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। स्मार्ट मीटर कंफीग्रेशन, CC-12, बिल कलेक्शन को बिना विलंब के पूर्ण कराया जाए। नेट मीटर स्थापना के बाद सत्यापन कंफीग्रेशन ष्टष्ट-12 एक सप्ताह के अंदर कराया जाए। समस्त सब स्टेशन को सौर ऊर्जा उपकरण सिस्टम लगाने का सबस्टेशनवार लक्ष्य निर्धारित किया जाए। परियोजना निदेशक नेडा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना में ऋण लेने की व्यवस्था है जिसका वृहद प्रचार प्रसार कराया जाए। लीड बैंक मनैजर को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा समस्त बैंकों में सोलर ऋण से संबंधित लंबित प्रकरणो का समय से निस्तारण कराने हेतु समीक्षा की जाए। जनपद की चिन्हित ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा उपकरणों लगाने के संबंध में डाटा तैयार कराने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। उक्त बैठक की समीक्षा प्रत्येक 15 दिनों में कराने के निर्देश परियोजना निदेशक नेडा को दिए7 बैठक में, जिला विकास अधिकारी, अपर नगर आयुक्त, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा, उपनिदेशक कृषि, केस्को व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व जनपद के समस्त पंजीकृत सोलर रूफटॉप वेंडर उपस्थित रहे।

# पशुधन प्रसार अधिकारी संघ ने आठ सेवानिवृत्त सदस्यों का किया सम्मान



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पशुपालन चिकित्सा केंद्र रावतपुर में पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में अनिल सिंह चौहान, वीरेंद्र गंगवार, सरोज कुमार त्रिपाठी, मान सिंह पाल, गोविंद सिंह यादव ,राजेंद्र प्रसाद पटेल, विमलेश कुमार पाल, श्री राम शरण पाल का सम्मान किया गया। सभा का संचालन संघ के महामन्त्री रणधीर सिंह ने किया।सम्मान समारोह में पुरानी पेन्शन बहाली ,आठवाँ वेतन आयोग व निजीकरण के विरोध में 13 दिसम्बर को मोतीझील में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की विशाल सभा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की बात सभी वक्ताओं ने कही।

सम्मान समारोह में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी, मन्त्री कोमल सिंह ,धर्मेन्द्र अवस्थी कोषाध्यक्ष, पेंशनर कल्याण समन्वय समिति के मण्डल संयोजक इं. ए एन द्विवेदी ,रामजी श्रीवास्तव, सुनील निगम, सत्य प्रकाश शर्मा, सुरेश चन्द्र कोषाध्यक्ष, अमित शुक्ला संयुक्त मंत्री, श्यामबाबू यादव ऑडीटर पशुधन प्रसार अधिकारी संघ, डॉ. आलोक यादव, डेनिमक्रिस्टी सिंह ,रजनीगंधा पांडेय, आरती द्विवेदी, रोमी शुक्ला, रुचि द्विवेदी, कंचन ,रामकुमारी, अशोक सचान, शिव बहादुर कुरील, सुनील शुक्ला, संजय सोनी, मनोज ,रामजी लाल दिवाकर, दुर्गादत्त त्रिपाठी, विष्णु कुमार, महेंद्र सिंह, आशीष कुमार सिंह, सुशील कुमार, अशोक त्रिपाठी, धीर सिंह, वीरेंद्र कटियार, प्रमोद कटियारआदि पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

# दिव्यांग महागठबन्धन ने खाट बिछाकर घेरा भाजपा प्रदेश मुख्यालय

कानपुर। दिव्यांग महागठबन्धन के तत्वावधान में आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय विधानसभा पर खाट बिछाकर घेर लिया पुलिस प्रशासन ने मुख्य सचिव से वार्ता करवाया आस्वाशन के बाद आन्दोलन खत्म हुआ दिव्यांग महागठबन्धन लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र देने, सीजनल अमीनों के विनियमितिकरण, यातायात पुलिस विभाग में कार्यरत दिव्यांग ट्राफिक वार्डेनों को चौराहों पर तैनाती दिलाने, नौकरी, रोजगार स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी देने की लम्बे समय से मांग कर रहा है पीछले 11 माह से ईको गार्डेन में धरना अनशन करने के बाद भी जब सरकार ने मांग नहीं पुरी की तो भाजपा प्रदेश कार्यालय घेर कर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने शासन व राजस्व परिषद के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांगों को नियुक्ति पत्र न देकर ,सीजनल अमीनो को रिक्त पदों पर विनियमितिकरण न कर अन्याय कर रहे है्सभी विभागों में नौकरी में आरक्षण कोटा पुरा होना चाहिए, यातायात पुलिस विभाग में कार्यरत दिव्यांग ट्राफिक वार्डेन को चौराहों से हटा कर इन्हें बेरोजगार कर दिया है सरकार दिव्यांगजन को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी व पेंशन पेंशन पांच हजार रूपया नहीं देना चाहती है सरकार दिव्यांगजन के साथ अन्याय कर रही है वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि हक और अधिकार की लड़ाई शुरू हो गयी है हम सरकार को उसी की भाषा में जवाब देंगे।



# बंद मदरसे में मिला बच्चे का कंकाल, 4 साल पहले कोविड के बाद बंद हुआ, कंकाल पर स्कूली ड्रेस मिली





बीपीएस न्यूज

कानपुर। पोखरपुर के मदरसे में बच्चे का कंकाल पड़ा मिला। बुधवार को पुलिस और फोरेंसिक टीम ने कंकाल को अपने कब्जे में लिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद सामने आएगा कि बच्चे की मौत कैसे हुई ? कमरे में कोई और चीज पड़ी नहीं मिली है, ये भी पता नहीं चला है कि ये हत्या है या बच्चा मदरसा के अंदर बंद हो गया। भूख और बीमारी से उसकी मौत हो सकती है। जाजमऊ थाने की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मदरसे को कोविड काल में इसको बंद किया गया था। शब्बीर अहमद जाजमऊ के पोखरपुर फार्म वाली गली में करीब 100 वर्ग गज का मकान है। इसमें शब्बीर के दामाद परवेज अख्तर करीब 10 साल पहले मदरसा चलाते थे। वह नई सड़क पर रहते हैं। इस मदरसा का नाम कदरिया उलूम था। कोविड काल में यह मदरसा बंद कर दिया गया था। 2 साल पहले परवेज अख्तर की भी मौत हो गई। परवेज के बेटे अमजा ने कहा- डेढ़ से दो साल पहले जब मदरसा पर आए थे, तब भी ताला टूटा मिला था। तब नया ताला लगाया था। तब उन्होंने अंदर जाकर नहीं देखा कि वहां क्या है ? अमजा ने बताया कि बुधवार दोपहर 12 बजे केडीए में रहने वाले हमारे ममेरा भाई अनस ने बताया कि मदरसा का ताला फिर से टूटा हुआ है। उन्होंने बताया कि अंदर जाकर देखा तो कमरे में एक बच्चे का कंकाल पड़ा हुआ है। इसके बाद हम सब लोग घबरा गए। तुरंत पुलिस को जानकारी दी। कुछ देर बाद ही एडीसीपी पूर्वी राजेश कुमार श्रीवास्तव और फोरेंसिक टीम आ गई। पड़ताल करने के बाद साक्ष्य लिए हैं। फोरेंसिक एक्सपर्ट की मानें तो शव पूरी तरह से डिस्पोज हो चुका है। सिर्फ कंकाल और उसके ऊपर कपड़ा बचा है। कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

कंकाल देखकर यह भी बताना मुश्किल हो रहा है कि मेल या फीमेल किसका शव है। मामले की जांच की जा रही है।

# युवक की कैंची घोंपकर हत्या, बीच बचाव में भाई घायल

## • 2800 रुपए के विवाद में चचेरे भाई ने ली जान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। साढ़ के देवषण गांव में 2800 रुपये के लिए युवक ने अपने चचेरे भाई के सीने में कैंची मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं बीच बचाव में दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की मां आशा बहू हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पत्नी की डिलीवरी हुई थी। इसके बाद से उसका आशा बहू से सहायता राशि न दिला पाने की बात को लेकर विवाद चल रहा था।

साढ़ थाना क्षेत्र के देवषण गांव निवासी अवधेश सविता के परिवार में पत्नी राजेश्वरी व तीन बेटे आशू, अमन व कुनाल हैं। वह कई वर्षों से बिधनू कस्बा में मकान बनाकर रह रहे हैं। राजेश्वरी आशा बहू हैं। अवधेश के बड़े भाई रमेश सविता का भी परिवार गांव में ही रहता है। अवधेश ने बताया कि रमेश के बेटे मनोज की पत्नी ने चार साल के भीतर दो बेटों को जन्म दिया है। दोनों का प्रसव राजेश्वरी ने कराया था। उस समय मनोज ने एक भी रुपये नहीं दिए। उल्टा दो बार डिलीवरी होने के बाद जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली धनराशि न दिलाने की बात कहकर विवाद करने लगता था। शुक्रवार देर रात उनके दोनों बेटे 28 वर्षीय आशू व 21 वर्षीय कुना गांव में थे। वहां मनोज फिर जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले 2800 रुपये के लिए विवाद करने लगा। बेटे ने इसका विरोध किया तो मनोज ने सैलून से कैंची लाकर दोनों बेटों पर हमला बोल दिया। कैंची कुनाल पेट और सीने में लगी, आशू के पेट व सिर में गहरे घाव हो गए। परिजन दोनों को भीतरगांव सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर कुनाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही गंभीर हालत में आशू को कानपुर जिलास्पताल रेफर कर दिया। साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मंडल वेटलिफ्टिंग में पुरुष वर्ग में सुमित, महिला वर्ग में काजल बनी चैंपियन

कानपुर। कानपुर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन एवं कानपुर मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में अरमापुर स्टेट के आरमरीना स्टेडियम में आयोजित मंडल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में सुमित शर्मा एवं महिला वर्ग में काजल राजपूत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर बेस्ट लिफ्टर का खिताब जीता। इससे पहले कानपुर जिला वेटलिफ्टिंग संगठन के सचिव कौशलेंद्र सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कानपुर मंडल की प्रतियोगिता में फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया कानपुर देहात, कन्नौज के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# परियोजना निदेशक को चेतावनी देते हुए कार्यों में वित्तीय वर्ष में व्यय पर रिपोर्ट देने के निर्देश

## ◆ आईआईटी से गोल चौराहे तक चलेगा अभियान




बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में गत बैठक में लिए गए निर्णयों के सापेक्ष कृत कार्यवाहियों की समीक्षा एवं राज्य स्तरीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ) की एक्शन टेकेन रिपोर्ट पर परिचर्चा हुई।

बैठक में 08 प्रमुख बिन्दुओं पर जिलाधिकारी द्वारा चर्चा की गयी। बैठक मे कानपुर-हमीरपुर सागर मार्ग पर अवैध मौरंग धुलाई करने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर अवैध मौरंग धुलाई को पूर्ण रूप से बंद कराये हेतु भू-शगर्भ जल विभाग एवं विद्युत विभाग आपसी समन्वय कर अवैध मौरंग घुलाई को बंद कराये, आपातकालीन नं0 के प्रदर्शन हेतु लगवाए साइनबोर्ड, येलो लाइन एवं अन्य साइनबोर्ड को अधिशासी अभियंता, प्रा.खं. लोक निर्माण विभाग सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।

सड़क सुरक्षा संबंधी अपेक्षित कार्य न कराए जाने के कारण परियोजना निदेशक, एनएचएआई को चेतावनी देते हुए इन कार्यों में वित्तीय वर्ष में किए गए व्यय के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अति व्यस्ततम् एवं लाइफ लाइन कही जाने वाली आईआईटी से गोल चौराहे तक मार्ग (रा.मा.-91) को अतिक्रमण मुक्त कराने, मार्ग को अधिकतम चौड़ा करने एवं लाईटिंग व्यवस्था के साथ तत्काल आगणन गठित करने साथ ही स्मार्ट रोड बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि मार्ग से विधुत लाइनों/टेलिफोन लाइनों को भूमिगत करने हेतु यूटिलिटी बॉक्स बनाये जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि रविवार को उपराष्टपति के आगमन के परिपेक्ष में जनपद के मुख्य/वैकल्पिक मार्गों का तत्काल निरीक्षण कर उनकी मरम्मत कराये जाने हेतु निम्न विभागों नगर आयुक्त नगर निगम कानपुर नगर, जल संस्थान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कन्टोमेन्ट बोर्ड, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड/राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लोनिवि, परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है।

बैठक में सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लोनिवि, जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात, सहायक चिकित्सा अधिकारी, जोनल अधिकारी/सहायक अभियन्ता नगर निगम, सहायक अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लोनिवि, एवं डीसी बेसिक शिक्षा विभाग आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर पुलिस आयुक्त द्वारा की गई ब्रीफिंग



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उपराष्टपति के आगमन दृष्टिगत, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा कैण्ट स्थित सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल में पुलिस बल के साथ विस्तृत ब्रीफिंग की गयी।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और आगमन कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रत्येक विभाग के कार्यों और जिम्मेदारियों पर जोर दिया गया ताकि आगामी दौरे के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ब्रीफिंग में अपर पुलिस आयुक्त लॉ एण्ड ऑर्डरम हरीश चन्दर, जिलाधिकारी कानपुर नगर, पुलिस उपायुक्त पूर्वी, पुलिस उपायुक्त यातायात,

पुलिस उपायुक्त पश्चिम सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें कानपुर पुलिस सभी तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तत्परता से कार्यरत है।

# किसानों को परंपरागत खेती के बजाय तकनीकी पद्धति से खेती करने पर दिया जोर



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कृषि विभाग द्वारा आयोजित कृषि सूचना तंत्र के सुद्रणीकरण एवं किसान जागरूकता अभियान के तहत रबी गोष्ठी का ब्लॉक स्तरीय आयोजन विकासखंड परिसर सरवनखेड़ा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने रबी फसलें जैसे गेहूं, जौं सरसों, चना, मटर, मसूर आदि के प्रबंधन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर खान ने बताया कि प्रत्येक किसान भाई को अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य कराना चाहिए। जिससे संतुलित उर्वरकों का प्रयोग हो सके तथा कृषि लागत कम आए। उन्होंने रबी फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी। डॉक्टर ख़ान ने किसानों को परंपरागत खेती के बजाय तकनीकी पद्धति से खेती करने पर जोर दिया। कृषि गोष्ठी की अध्यक्षता विमल सचान सहायक विकास अधिकारी ने की। उन्होंने किसानों से कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई नवीन तकनीकों को जरूर अपनाएं। जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हो। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंकुर प्रियदर्शी ने पशुओं के टीकाकरण एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी। क्षेत्रीय प्रगतिशील किसान अमित सिंह ने किसानों को सदैव उन्नतशील बीजों के प्रयोग अधिक उपज प्राप्त करने के लिए सलाह दी। सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रद्युम्न यादव ने किसान हितैषी विभिन्न प्रकार की कृषि योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि विभाग के रोहित वर्मा, अजीत, मुकेश, विकास सहित प्रशासशील किसान विजय कटियार, हर गोविंद सहित अन्य क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं द्वारा उकेरी गई प्रतिभाएं

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर में वार्षिकोत्सव सुकृति का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की 25 वर्षों की उत्कृष्टता, समर्पण और एकता की यात्रा और स्कूल की उपलब्धियों के साथ सुनहरी यादों को भी संजोया गया। सनातन मूल्यों के सम्मान का वर्णन करते हुए स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के नृत्य और समूह प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। केजी के छात्र वियान गुप्ता के नृत्य पर उपस्थित दर्शकों ने जोरदार तालिया बजा कर अपना उत्साह प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शेफाली राज, राजीव सोनी, सुरेंद्र धवन, ध्रुव कुमार लोहिया, सुभाष मक्कड़, कुंज बिहारी, विनय अजमानी और प्रधानाचार्या शोभा दास ने उद्घाटन किया। स्पिरिचुअल एंबेसेडर्स ने धार्मिक संदेश देते हुए बच्चों को धर्म के रास्ते पर चलने को कहा। बच्चों ने अफेबल चरेब्स में प्यार स्नेह और मित्रता को प्रदर्शित किया। सुकृति कार्यक्रम का संचालन ध्रुव गुप्ता और देवांश सिंह ने किया।

# युवती का मिला अधजला शव, आशंका नशे की गोलियां देने के बाद किया मर्डर, फिर जलाया

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सचेंडी में रेलवे लाइन किनारे पॉलीथीन से लिपटा हुआ 35 वर्षीय युवती का अधजला शव पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। युवती की नृशंस हत्या और फिर पहचान छिपाने के लिए उसका शव जला दिया गया।

शव के पास एक पोटली में नशे की गोलियां भी मिली हैं। इससे आशंका है कि उसे नशीली गोलियां देने के बाद मर्डर किया गया है। पुलिस को आशंका है कि दूसरे जिले से शव लाकर फेंका गया है। देर रात डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह भी फोर्स के साथ मौका-मुआयना करने पहुंचे, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मर्डर केस का खुलासा करने के लिए उन्होंने शुक्रवार रात को फोर्स के साथ मौका-मुआयना किया। उन्होंने बताया कि भौंती से भीमसेन की ओर जाने वाली सड़क पर सुजानपुर रेलवे अंडरपास से 50 मीटर दूर एक चादर के भीतर पॉलीथीन में लिपटा हुआ शव लोगों ने देखा तो गढ़ी गांव के प्रधान अजीत को सूचना दी। सुबह 4:30 बजे ग्राम प्रधान की सूचना पर भीमसेन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने चादर खोला कर अंदर देखा तो काली पन्नी के अंदर एक युवती का अधजला शव था। शव का चेहरा जला हुआ था। कपड़े जले हुए थे।

युवती की उम्र करीब 35 साल लग रही है। शव के पास ही एक रिंच और पोटली मिली। पोटली में नशीली गोलियां थीं। आशंका है गाड़ी की डिक्की से शव उतारने के दौरान रिंच गिरा होगा। फोरेंसिक और डॉग स्क्वॉयड भी मौके पर जांच करने पहुंचे, लेकिन कोई भी ऐसा साक्ष्य नहीं मिला। जिससे युवती की शिनाख्त की जा सके। युवती की कहीं और नृशंस हत्या करने के बाद शव को लाकर यहां पर फेंका गया है। डीसीपी ने बताया कि उसके पैर में बिछिया पहनने के निशान मिले हैं,

लेकिन कुछ ऐसा नहीं मिला जिससे ये कहा जा सके कि युवती शादीशुदा थी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज से मर्डर केस को सुलझाने का प्रयास कर रही है।

डीसीपी वेस्ट राजेश सिंह ने बताया कि युवती का मर्डर करने के बाद पहचान छिपाने के लिए उसका शव जलाया गया है। हत्यारों ने शिनाख्त न हो इसके लिए शव जलाने के साथ ही दूसरी जगह शव लाकर फेंका है। बहुत ही शातिराने अंदाज में मर्डर केस को अंजाम दिया गया है।

# 11 छात्रों ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्विमिंग चैंपियनशिप में किया क्वालीफाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के 11 तैराकों ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी (पुरुष और महिला) स्विमिंग चैंपियनशिप 2024-25, जो 28 से 30 नवंबर तक भुवनेश्वर में आयोजित की गई थी। शीर्ष 16 स्थान प्राप्त कर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्विमिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए अपनी योग्यता साबित की। यह प्रतियोगिता एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नई में 25 से 28 दिसंबर के बीच आयोजित होगी। क्वालीफाई करने छात्रों में आदित्य कांत वेदांती, अनुज कुमार, स्नेहा निशाद, शिवांगी राजभर, आदित्य शुक्ला, आयुषी पांडे, अमित, अजय, उमेश निशाद, सानिया दानिश सिद्दीकी, आदित्य पाठक रहे। कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक ने इस उपलब्धि के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग, खेल सचिव डॉ. प्रभाकर पांडे, खेल विभागाध्यक्ष डॉ. सर्वान यादव, स्विमिंग पूल प्रभारी निमिषा कुशवाहा, मुख्य कोच तेजेंद्र वीर शर्मा, और लाइफगार्ड रोहित निशाद को और कानपुर जिला स्विमिंग एसोसिएशन के प्रकाश अवस्थी और आईआईटी के खेल अधिकारी और स्विमिंग कोच विवेक राव वादी ने भी टीम और कोच तेजेंद्र वीर शर्मा को उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# वृहद विधिक सेवा एवं जागरुकता शिविर का आयोजन सम्पन्न

बीपीएस न्यूज

कानपुर। ।उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर नगर के संयुक्त तत्वावधान में वृहद विधिक सेवा एवं जागरुकता शिविर का आयोजन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मी बाई आडिटोरियम में मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह (द्वितीय), सदस्य सचिव उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ संजय सिंह (द्वितीय), कुलपति सी0एस0जे0एम0यू0 विनय कुमार पाठक, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय सिंह एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शुभी गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह (द्वितीय) ने अपने उदबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले, लाभार्थियों को बिना किसी रूकावट के जो योग्य है उसे लाभ पहुँचे यह सभी योजनाओं का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि देश में रहने वाले हर व्यक्ति का सामाजिक उत्थान हो, उनका जीवन स्तर बढे और वह एक सम्मान जनक जीवन जी पाये इसके अलावा अपने परिवार के लिये भी सम्मान जनक जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सके, उनके जीवन स्तर को भेहतर बनाने के लिये ही यह सब लाभ दिये जा रहे है और उस लाभ को हम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचा पाये।

यह हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने उदबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि विभिन्न प्रकार के नियम, अधिनियम, कानून की जानकारी आमजन तक पहुचे ताकि लोग अपने अधिकारों के प्रति विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं आदि के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम में पंचायती राज से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत jyoti मिश्रा, वन्दिता सिंह, समाज कल्याण से वृद्धा पेंशन योजना के अन्तर्गत राम नरायण, सोमकली, विनोद, मायादेवी राजपूत, महिला कल्याण से स्पान्सरशिप योजना के अन्तर्गत विराट, राज, अंशिका, आयुष्मान, दिव्यांगजन सशक्तीकरण से सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत सुजल शर्मा, आकृति, पशु पालन से गौवंश सुपुर्दगी योजना के अन्तर्गत रमेश सिंह, चन्द्र भान सिंह, लालजीत यादव, फत्ते, ग्राम्य विकास/आवास से प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के अन्तर्गत बिसमिल्ल, कमरून निशा, साबिर, स्वत: रोजगार से स्वंय सहायता समूह योजना के अन्तर्गत उर्मिला देवी, आराधना मौर्य, मनरेगा से मनरेगा मजदूर योजना के अन्तर्गत रविन्द्र, प्रान्जली दीक्षित, बाल विकास एवं पुष्टाहार से सैम सुपोषित योजना के अन्तर्गत वैष्णवी, गोलू, बैंक से मुद्रा लोन योजना के अन्तर्गत सुशील कटियार, विजय सिंह, स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्रियंका, श्रम विभाग से अटल आवासीय विद्यालय योजना के अन्तर्गत जान्हवी, हार्दिक कटियार, अंशराज एवं लेदर/एम0एस0एम0ई0 से ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत वैशाली रैदास, वैशाली लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया।

# अधिवक्ताओं से कार्य छीनने का प्रयास है निबंधन मित्र भर्ती योजना:पं रवीन्द्र शर्मा

कानपुर। अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समित के नेतृत्व में अधिवक्तागण बार एसोसिएशन गेट से चल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर बोलते हुए संयोजक पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने बताया कि प्रदेश सरकार संपत्ति के निबंधन प्रपत्रों को तैयार करने के लिए ग्रेजुएट पास निबंधन मित्रों के भर्ती की योजना ला रही है जिससे प्रदेश के लाखों अधिवक्ताओ के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अधिवक्ता संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम में शिक्षित होने के कारण संपत्ति की रजिस्ट्री, एग्रीमेंट, लीजडीड आदि की तैयारी के समय निबंधन के बाद उत्पन्न होने वाली विधिक समस्याओं को ध्यान में रख निबंधन प्रपत्र तैयार कराता है ताकि भविष्य में संपत्ति लेने वाला सुरक्षित रहे। निबंधन मित्रो द्वारा बिना संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम की शिक्षा के निबंधन कराने से संपत्ति के झगड़े बढ़ेंगे और अंत में संपत्ति लेने वाले अपने को ठगा महसूस करेंगे। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि राजेश कुमार ए डी एम वित्त ने ज्ञापन प्राप्त कर कहा कि आपका प्रतिवेदन कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा। प्रमुख रूप से राम नवल कुशवाहा कोषाध्यक्ष बार एसोसिएशन अरविंद दीक्षित ओ पी दुबे संजीव कपूर राकेश सिद्धार्थ अखिलेश कुमार जितेंद्र शुक्ला रविन्द्र भूषण रमाकांत मिश्रा आशीष गुप्ता तरुण कुशवाहा सुरेंद्र सिंह अजय गुप्ता भानू सिंह के के यादव आदि रहे।

# उपराष्ट्रपति जैयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती एवं आईआईटी के इंटरेक्शन प्रोग्राम में शामिल हुए

- उपराष्ट्रपति ने कहा, शिक्षा जीवन को बेहतर बनाती है, जो टैलेंट है वह गरीब, ग्रामीण इलाके में भी है
- भारत जैसा देश दुनिया में कोई नहीं है,यह भावना सभी बच्चों को अपने मन में रखनी चाहिए-जगदीप
- बच्चों के चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी शिक्षकों की ही है- राज्यपाल




बीपीएस न्यूज

कानपुर। रविवार को सेठ आनंद राम जैयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि उपराष्टपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, जैयपुरिया ग्रुप के अध्यक्ष शिशिर जैयपुरिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। उपराष्टपति ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षा जीवन को बेहतर बनाती है, सही रास्ते पर ले जाती है, जो टैलेंट है वह गरीब, ग्रामीण इलाके में भी है।वहां भी जयपुरिया जैसी क्वालिटी की पहुंचने की जरूरत है।कॉर्पोरेट घराने से अपील है कि वह बेहतर स्कूल खोले और शिक्षा में मदद करें। सीएसआर फंड का प्रयोग करें ताकि हर वर्ग तक शिक्षा पहुंच सके। पहले अभिभावक सिर्फ मार्कशीट देखते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा सरकार ने पिछले 10 सालों में कई ऐसे निर्णय लिए हैं जो हमारे देश के लिए काफी बेहतर है। पहले हम सपना देखते थे क्या भारत विकसित होगा? लेकिन अब यह सपना नहीं हम लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। अब शिक्षा डिग्री तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण विकास के लिए है। आप उम्र के साथ-साथ ऐसा व्यवहार करें कि आपका ज्ञान खुद ही दिखाई देने लगे। माता-पिता के प्रति समर्पण की भावना रखें, गुरुजनों के सामने अनुशासन की भावना रखें और सोशल मीडिया से जितना हो सके उतना दूर रहे।मन में एक जिज्ञासा रखें जो मन में है वही काम करें, सफलता जरूर मिलेगी। पहले अभिभावक सिर्फ मार्कशीट देखते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। उपराष्टपति ने कहा कि समाज में जो विकार पहले हैं वह शिक्षा ही दूर कर सकती है।इसीलिए सभी व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार दिया गया है।शिक्षा समय बदलने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि असफलता हार नहीं बल्कि हमारी पूंजी है।इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज के बच्चों को नवाचार की ओर आगे बढ़ना चाहिए।रिसर्च एंड डेवलपमेंट में भी उद्योग घारानों को मदद करनी चाहिए ताकि हमारा भारत विकसित बने। भारत जैसा देश दुनिया में कोई नहीं है और यह भावना सभी बच्चों को अपने मन में रखनी चाहिए।आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रहा है।भारत का लक्ष्य निर्धारित है।नई संसद भवन में जाकर देखें 5000 साल पुरानी विरासत की एक झलक दिखाई देगी ।राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि निरंतर यह स्कूल 50 वर्षों से आगे बढ़ रहा है। यह ये दर्शाता है कि इस विद्यालय की नींव रखते समय शिक्षा की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखा गया था। शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है। शिक्षा से हम मनुष्य बन सके, विचार करने की क्षमता आती है। बच्चों के चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी शिक्षकों की ही है।मैं एक शिक्षिका रही हूं, मुझे जब भी अवसर मिलता है तो आज भी मैं बच्चों के बीच संवाद करती हूं।

उपराष्टपति की सुरक्षा में करीब 3000 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जयपुरिया स्कूल में एक दिन पहले से ही पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। कमिश्नर अखिल कुमार ने खुद मौके पर जाकर सुरक्षा का जायाजा लिया था। चकेरी से कार्यस्थल तक जाने वाले रास्ते में पुलिस बल तैनात किया गया है। डीसीपा एडीसीपी व एसीपी स्तर के 33 अधिकारियों को सुरक्षा में लगाया गया है। इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, महिला हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल मिलाकर 2500 तैनात किए गए हैं। क्यूआरटी की 6 टीमें, 5 कंपनी पीएसी, फायर ब्रिगेड की टीमें तैनात की गई हैं।

# 12 वीं अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान कॉग्रेस का आयोजन 8,9 दिसंबर को

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।सीएसए के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा0 एन0के0 शर्मा ने अवगत कराया कि 08 एवं 09 दिसम्बर, 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान समुदाय संघ एवं कृषि विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा 12वीं अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान कॉग्रेस का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसका प्रमुख विषय ग्लोवल रिसर्च फार ग्लोवल वेलबी' होगा। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से युवा शोधार्थी सहभागिता करने जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी https://isca.net.co वेबासाइट के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते है। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में 13 एवं 14 दिसम्बर, 2024 को बाली इन्डोनेशिया में बायालीग एवं चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं विश्वविद्यालय, कानपुर एवं अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से 11वीं गोग्रीन समिट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कृषि अभियंत्रण संकाय के अधिष्ठाता डा0 एन0के0 शर्मा को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस समिट में 10 देशों से अधिक देशों के लगभग 200 से अधिक वैज्ञानिक प्रतिभाग करने जा रहे है। इन दोनों अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन अधिष्ठाता, कृषि अभियंत्रण संकाय एवं कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के निर्देशन में किया जा रहा है।इन दोनों प्रमुख विषयों पर आयोजित होनें वाले अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक परिचर्चाओं का सारांश एवं संस्तुतियां निश्चित रूप से निकट भविष्य में आने वाली चुनौनियों का समाधान करने में सहायक होंगी।

इस प्रकार के आयोजनों से इटावा परिसर एवं कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर पिछले दो वर्षो से निरन्तर अपनी पहचान बनाने में प्रमुख संस्थान के रूप में उभर रहा है।बाली इन्डोनेशिया में प्रतिभाग करने के लिये इच्छुक अभ्यर्थी https://gogreen.bioleagues.com वेबासाइट के माध्यम से पंजीकरण करा सकते है।

# छात्रों ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर चलाया जागरूकता अभियान



बीपीएस न्यूज

कानपुर।सीएसए की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 के अंतर्गत हर साल की तरह इस वर्ष भी विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

वर्ष 2024 में विश्व एड्स दिवस की थीम टेक द राइट पाथ : माय हेल्थ, माय राइट्स रही। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग मुख्य अतिथि रहीं, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 -डॉ. रश्मी सिंह ने अधिष्ठाता डॉ. मुक्ता गर्ग का स्वागत किया, गेस्ट फैकल्टी डॉ. पल्लवी सिंह और डॉ. रीमा भी उपस्थिति रहे।

संगोष्ठी में विचार-विमर्श और प्रस्तुति- इस कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि सिंह ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एड्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एड्स का सबसे पहला मामला चिंपैंजी और बंदरों में पाया गया था। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एड्स का अभी तक कोई इलाज नहीं है और इसकी रोकथाम ही इसका सबसे बड़ा उपाय है।

बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं शाज़िया खान और जागृति दास ने भी संगोष्ठी में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा, एड्स सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक कलंक बन गया है। हमें एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज में पूरा सम्मान और सहयोग मिलना चाहिए।

# पढ़ने लिखने के साथ-साथ खेलना कूदना भी है जरूरी



बीपीएस न्यूज

कानपुर।सनिंगवा सिथत द मार्शमैलो ट्री एजुकेशन सेंटर में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया, जिसमें पीजी, एलकेजी, यूकेजी से लेकर क्लास 1 से 7 तक के छात्र-छात्राओं ने शारीरिक खेल करके दिखाए। इस अवसर पर आर्चरी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राजेंद्र सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने रिंग रेस, जंपिंग रेस, कैंडी रेस, लेमन रेस, कप रेस, फ्रॉग रेस, स्केटिंग और ताइक्वांडो जैसे विभिन्न खेलों में भाग लिया।अभिभावक और अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।स्कूल की प्रिंसिपल उपासना त्रिवेदी ने कहा कि पढ़ने लिखने के साथ-साथ खेलना कूदना भी जरूरी है।मानसिक एक्सरसाइज के साथ-साथ फिजिकल एक्सरसाइज भी जरूरी है। आए हुए अभिभावक ने स्कूल द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स डे की खूब सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए ताकि छात्र छात्राएं हर दिशा में आगे बढ़ सकें।

# सेवा दिवस के रूप में मनाया सांसद का जन्म दिन

कानपुर। अवध स्मृति संस्थान द्वारा सांसद रमेश अवस्थी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया ।इस अवसर पर मंजुला काम्प्लेक्स , आर्यनगर में सनातन विधि विधान से भव्य जन्मदिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मंत्रोच्चार के साथ पंडित अमरनाथ मिश्र द्वारा सांसद का तिलक किया गया ।अवध स्मृति संस्थान के पवन शुक्ल व प्रवीण कुमार शुक्ल ने साथियों समेत 21 किलो की पुष्प माला पहना कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस सेवा दिवस पर सांसद रमेश अवस्थी द्वारा निर्बल वर्ग को कंबल एवं मिष्ठान वितरण किया गया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवन शुक्ल, प्रवीण कुमार शुक्ल, तरुण दिवाकर, अजय गुप्ता, संतोष चौधरी, जितेंद्र अवस्थी, नीना अवस्थी, मनीष मिश्र , अमित अग्रवाल, विजय अग्रवाल, प्रशांत मिश्र, अभिनव तिवारी, राघव तिवारी, राकेश जायसवाल, गौरव द्विवेदी, मानसी बनर्जी , पुष्पक सिंह, आशीष पांडेय, नरेंद्र यादव , परमात्मा सिंह, शरद लोचन शुक्ल, निन्नी पांडेय, सार्थक सिंह, जयप्रकाश पटेल, अतुल चड्ढा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# डॉक्टरों ने दुर्लभ कैंसर का ऑपरेशन कर मरीज़ को किया ठीक

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में एक सीपीसी ( क्लीनिक पैथोलॉजिकल कॉन्फ्रेंस,) में बहुत ही दुर्लभ केस के बारे में आयोजित की गई। यह मरीज के हाथ की खून की नलियों के बहुत ही दुर्लभ कैंसर एंजियो सार्कोमा से पीड़ित थी। डॉक्टर कुश पाठक ने बताया कि 26 वर्षीय मरीज़ बिहार की है जो कि पिछले 4 वर्षों से इस दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थी और और उसने बिहार और कोलकाता में इस बीमारी के लिए इलाज करवाया, लेकिन उसकी बीमारी ठीक होने की बजाय बढ़ती रही तथा कहीं कोई डायग्नोसिस नहीं हो पाई। तब मरीज ने कानपुर मेडिकल कॉलेज में ओंको डॉक्टर कुश पाठक को संपर्क किया। डॉक्टर कुश पाठक ने इस बीमारी के बारे में बताया की मरीज़ का ऑपरेशन किया गया जिसके बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। वही डॉक्टर चयनिका काला ने इस बीमारी की हिस्टोपैथोलॉजिकल बायोप्सी के बारे में बताया, साथ ही डॉक्टर युगल राजपूत ने इस कैंसर से मिलती जुलती बीमारियों के विषय में जानकारी दी जो कि मरीज और डॉक्टर दोनों को भ्रमित कर सकती हैं। इस तरह की क्लीनिक आप पैथोलॉजिकल कॉन्फ्रेंस में मरीज के इलाज उसकी जांच और उसके सुधार के विषय में चर्चा की गई। तथा भविष्य में आने वाले मरीजों के इलाज में बहुत सुविधा होगी और साथ ही पीजी छात्रों के शैक्षणिक विकास में यह अत्यंत सहायक होता है ।इस सीपीसी का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर संजय काला ने किया, मंच संचालन सीपीसी की सेक्रेटरी डॉक्टर लुबना खान ने किया।

## विवाह संपन्न

रोहित अस्थाना संग साक्षी का विवाह बड़े ही धूमधाम के साथ बाल भवन, फूलबाग में संपन्न हुआ।



# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर बैठक

बीपीएस न्यूज

कानपुर।पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में निदेशक यूपीनेडा लखनऊ के निर्देशों के परिपालन में आज दिनांक 01.12.2024 को विकास भवन सभागार में केस्को के 300 मीटर रीडर्स एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम कानपुर नगर के 142 मीटर रीडर्स को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दो सत्र में किया गया। जिसमें मीटर रीडर्स को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुये नेट मीटर / स्मार्ट मीटर से विलिंग की विस्तुत जानकारी दी गयी।

फर्म मेसर्स ग्लोबल इन्र्जी एवं एपीएन ग्रीन के प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी प्रेजेन्टेशन के साथ प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी यूपीनेडा, DVVNL अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कानपुर नगर तथा केस्को के अधिकारी एवं अभियन्ता गण के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर
नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।